MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 366 | ग्वालियर, 6 नवम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## सारा अब्दुल्ला से तलाक ले चुके हैं सचिन पायलट, चुनावी हलफनामे से हुआ बड़ा खुलासा



कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी पत्नी सारा अबदुल्ला से तलाक ले चुके हैं. उनके चुनावी हलफनामे से यह खुलासा हुआ है. सारा अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की बेटी हैं. सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला की शादी 2004 में हुई थी. 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 अक्टूबर को शुरू हुई थी. मंगलवार (31 अक्टूबर) को टोंक विधानसभा सीट से सचिन पायलट ने अपना नामांकन दाखिल किया तो उनके तलाकशुदा होने की बात सामने आई. चुनावी हलफनामे में जीवनसाथी के आगे तलाकशुदा लिखा है.

**सचिना पायलट और सारा अबदुल्ला दो बेटों के हैं माता-पिता**-सचिन पायलट और सारा अब्दुल्ला के दो बेटे आरन पायलट और विहान पायलट हैं. हलफनामे में सचिन पायलट ने बेटों को आश्रित बताया है. 2018 में चुनावी हलफनामे में सचिन पायलट ने सारा अब्दुल्ला की संपत्ति की डिटेल भी दी थी लेकिन इस बार हलफनामे में उनकी संपत्ति का विवरण नहीं है.

**सचिन पायलट और सारा अबदुल्ला के बीच कैसे हुआ था प्यार**-सारा अबदुल्ला और सचिन पायलट अमेरिका में पढ़ाई के दौरान संपर्क में आए थे. सचिन पायलट अमेरिका की पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए करने गए थे. यहीं उनकी मुलाकात सारा से हुई थी.धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई. सचिन एमबीए की पढ़ाई करके दिल्ली आ गए थे लेकिन सारा पढ़ाई के लिए अमेरिका में ही रुकीं. तब दोनों के बीच ई-मेल और फोन से बात होती थी.दोनों ने करीब तीन साल तक डेट करने बाद अपने परिवारवालों को इस रिश्ते के बारे में बताया. चूंकि यह एक अंतरधार्मिक संबंध था, इसलिए परिवारवाले इसके लिए राजी नहीं थे. सचिन पायलट अपने परिवार को मनाने में सफल रहे. आखिर 2004 में दोनों ने शादी कर ली. इस शादी में सारा का परिवार शामिल नहीं हुआ था. धीरे-धीरे अब्दुल्ला परिवार ने भी सचिन और सारा के रिश्ते स्वीकार कर लिया.

## सुप्रीम कोर्ट में पहले दिन की सुनवाई में किसने क्या दलीलें दी?



राजनीतिक दलों को चंदा देने की इलेक्टोरल बॉन्ड व्यवस्था के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (31 अक्टूबर) को सुनवाई हुई. सुनवाई के पहले दिन याचिकाकर्ता पक्ष ने ि ज र ह की.याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल समेत दूसरे वकीलों ने इस व्यवस्था को अपारदर्शी बताया और इससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई. कल यानी बुधवार (1 नवंबर) को इस पर सरकार जवाब देगी.साल 2017 में केंद्र सरकार ने राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया को साफ-सुथरा बनाने के नाम पर चुनावी बांड का कानून बनाया. इसके तहत स्टेट बैंक के चुनिंदा ब्रांच से हर तिमाही के शुरुआती 10 दिनों में बांड खरीदने और उसे राजनीतिक पार्टी को बतौर चंदा देने का प्रावधान है. कहा गया कि इससे कैश में मिलने वाले चंदे में कमी आएगी.बैंक के पास बांड खरीदने वाले ग्राहक की पूरी जानकारी होगी. इससे पारदर्शिता ब?गी. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत 4 याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि इस व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है. अब चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचू? की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने मामले पर सुनवाई शुरू कर दी है.

**लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह**-याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से बोलते हुए प्रशांत भूषण ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह बताया. उन्होंने कहा कि लोगों को यह पता नहीं चल पाता

## हैकिंग अलर्ट पर सियासी बवाल, राहुल गांधी बोले-जासूसी से हम नहीं डरेंगे, सरकार ने कहा- निराधार हैं आरोप

एपल की तरफ से हैकिंग को लेकर आए अलर्ट ने सियासत में




नया भूचाल खड़ा कर दिया है. समूचा विपक्ष जहां सरकार पर जासूसी करने का आरोप लगा रहा है तो वहीं सरकार का कहना है कि ये पूरी तरह से निराधार बातें हैं.कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आप नेता राघव चड्ढा और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाए हैं कि सरकार जासूसी कर रही है. सरकार डरकर ये सब कर रही है. केंद्र सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि हम मामले की जांच कराएं, सारे आरोप निराधार है. इस बीच एपल ने पूरे मामले पर बयान जारी किया है.

**विपक्षी नेताओं ने क्या आरोप लगाए**-मोइत्रा ने कुछ स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कहा, एपल से मुझे टेक्स्ट और ईमेल प्राप्त हुआ कि सरकार मेरे फोन और ईमेल को हैक करने की कोशिश कर रही है. एचएमओ इंडिया को बचने का मौका मिल गया. अडानी और पीएमओ धमकियां देते हैं .आपको ऐसे डरा हुआ देख कर मुझे आप पर दया

## दुबई से शरीर में छिपाकर लाया जा रहा था लाखों का सोना, लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया यात्री



उत्तर प्रदेश में सोना तस्करी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. लखनऊ एयरपोर्ट पर 46.47 लाख का सोना के साथ यात्री को पकड़ा गया है. बिहार का यात्री दुबई से शरीर में छिपाकर सोना लाया था. यात्री ने सोने का बुरादा बनाकर जेली में मिलाया फिर शरीर के निचले हिस्से में छिपा लिया. एयरपोर्ट से बिहार का यात्री बाहर भी निकल गया, लेकिन पुलिस ने हैंडलर के साथ पकड़कर कस्टम विभाग की टीम को सौंप दिया.

## जमानत मिलने के बाद 52 दिनों बाद जेल से बाहर आए चंद्रबाबू नायडू, कहा- मैं इस स्नेह को कभी नहीं भूलूंगा



आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास घोटाला मामले में मंगलवार (31 अक्टूबर) को हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई. जेल से बाहर आते ही उन्होंने कहा, मैं इस स्नेह को कभी नहीं भूलूंगा.नायडू के समर्थक जेल के बाहर उनकी झलक पाने के लिए जुटे थे. पोता नारा देवांस भी दादा से मिलने पहुंचा था. राजमुंदरी जेल से बाहर आते ही नायडू ने पोते को गले से लगा लिया.

**चंद्रबाबू नायडू को चार हफ्ते की अंतरिम जमानत**-तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को स्वास्थ्य कारणों पर अंतरिम जमानत मिली है. सोमवार को अदालत ने उनकी जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था. मंगलवारको आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने नायडू को 28 नवंबर तक चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी.हाई कोर्ट ने नायडू को 28 नवंबर को सरेंडर करने का निर्देश दिया है. इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, हाई कोर्ट ने नायडू को अस्पताल में इलाज कराने के अलावा किसी भी अन्य गतिविधि में शामिल नहीं होने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने उन्हें फोन पर बात नहीं करने और किसी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेने या मीडिया से बात नहीं करने का भी निर्देश दिया है.

## गाजा पर परमाणु बम गिराने का दिया था सुझाव, अब इजरायली सरकार ने मंत्री पर लिया ये एक्शन



गाजा पर परमाणु बम गिराने का सुझाव देने वाले इजरायली मंत्री अमिहाई एलियाहू को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है. उन्हें अगली सूचना तक सभी सरकारी बैठकों से निलंबित कर दिया गया है. इससे पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी मंत्री के बयान की निंदा की. इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम निर्दोषों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के उच्चतम मानकों के अनुसार काम कर रहे हैं. हम अपनी जीत तक ऐसा करना जारी रखेंगे.

**विपक्ष ने की बर्खास्त करने की मांग** -गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने अचानक इजरायल पर हमला कर दिया था, जिसमें कम से कम 1,400 लोग मारे गए थे. इसके बाद से इजरायल की जवाबी कार्रवाई जारी है. हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के के अनुसार, गाजा में अब तक कम से कम 9,488 लोग मारे गए हैं. इससे पहले इजरायल के विपक्षी नेता और पूर्व इजरायली प्रधानमंत्री येर लैपिड ने भी एलियाहू की आलोचना की और मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की.

## केदारनाथ पहुंचे राहुल गांधी, दिखा अलग अंदाज, लोगों ने लगाए जय श्री राम और पीएम मोदी के नारे

राहुल गांधी रविवार को केदारनाथ पहुंचे. आम यात्रियों के लिए इस्तेमाल हो रहे हेलीपैड पर उतरकर वे सीधा मंदिर के लिए निकल पड़े.केदारनाथ पहुंचे राहुल गांधी, दिखा अलग अंदाज, लोगों ने लगाए जय श्री राम और पीएम मोदी के नारेकांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को केदारनाथ धाम की आरती में शामिल हुए. कांग्रेस ने एक्स पर फोटो शेयर की, जिसमें राहुल गांधी चंदन लगाए और माला पहने नजर आए.केदारनाथ पहुंचे राहुल गांधी, दिखा अलग अंदाज, लोगों ने लगाए %जय श्री राम% और पीएम मोदी के नारेउत्तराखंड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर राहुल गांधी केदारनाथ आए हैं. उत्तराखंड कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ये उनका निजी आध्यात्मिक यात्रा है. साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से उनकी निजी यात्रा का सम्मान करने का आग्रह किया है.केदारनाथ पहुंचे राहुल गांधी, दिखा अलग अंदाज, लोगों ने लगाएजय श्री राम% और पीएम मोदी के नारेकांग्रेस ने जय बाबा केदारनाथ कैप्शन के साथ सांसद राहुल गांधी का वीडियो भी शेयर किया.

## नीतीश कुमार ने आपको कंधे पर चढ़ाया, अकेले सरकार बना सकते थे..., अमित शाह पर खूब बोले ललन सिंह

ललन सिंह ने सवाल किया कि आपने 2020 में क्या किया? हमारी पार्टी के एक नेता को मिलाकर आपने नीतीश कुमार को कमजोर करने की साजिश की. जब नीतीश कुमार को जनाधार से कमजोर नहीं कर सके तो षड्यंत्र करके कमजोर किया. एक पार्टी को खड़ा करके जनता दल यू की सीट को हरवाने का काम किया. उसमें हमार पार्टी के एक नेता आपके सहयोगी हो गए जिस पर नीतीश कुमार ने भरोसा किया था.

ललन सिंह बोले-आपका चरित्र ही दोहरा हैजेडीयू के राष्टीय अध्यक्ष ने कहा कि अमित शाह को जितनी बार आना है आएं. हमलोग स्वागत करते हैं. जातीय गणना की रिपोर्ट पर कहते हैं कि बीजेपी साथ थी. जेडीयू के 11 लोगों का प्रतिनिधिमंडल आपसे मिलकर देश भर में इसे करवाने के लिए



कहा था और आज आप ऐसा बोल रहे हैं. आपका चरित्र ही दोहरा है. आपने जातीय गणना रुकवाने के लिए पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर करवाई. यहां से खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट गए. जातीय सर्वे की रिपोर्ट को बताया 100 फीसद सही-जातीय सर्वे के आंकड़ों को ललन सिंह ने 100 फीसद सही बताया. कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो आप (अमित शाह) एलान कर देते कि देश भर में जातीय आधारित गणना करवाएंगे और जो गलत आंक?ा आप बिहार का बता रहे हैं उसको सही कर देते. आपको ईमानदारी से कहना चाहिए कि आपने इसको रोकने की कोशिश की थी. ललन सिंह ने कहा कि अमित शाह नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं. नीतीश कुमार से सशक्तिकरण के बारे में समझिए. आप कह रहे हैं कि महिला आरक्षण का बिल लाए हैं. कौन सा बिल लाए हैं? खोदा पहा? निकली चुहिया. कब लागू होगा? आपने संसद का विशेष सत्र बुलाया अपनी महिमामंडन करने के लिए. आप दिसंबर वाले सत्र में लाते, विशेष सत्र की क्या आवश्यकता थीनीतीश कुमार ने जो वादा किया उसे कर रहे पूरा2104 के चुनाव में जो वादा किया था उसको बताना चाहिए. प्रधानमंत्री ने वादा किया और आपने चुनाव के बाद कहा कि ये सब चुनावी जुमला है, जबकि नीतीश ने जो वादा किया वो पूरा हो रहा ह

## फोन जासूसी के आरोपों पर प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखी पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी, कहा- मामले की करवाएं जांच



शवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है. इसमें राज्यसभा सांसद ने अपने फोन पर हुए %स्टेट-स्पॉन्सर्ड अटैक% की जांच करने की गुजारिश की है. दरअसल, मंगलवार (31 अक्टूबर) को प्रियंका समेत विपक्ष के कई नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार के जरिए उनके फोन को हैक करने की कोशिश हो रही है. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सीपीआई-एम नेता सीताराम येचुरी समेत कई सारे नेताओं ने कहा है कि एपल की तरफ से उन्हें अलर्ट मैसेज भेजा गया है. इसमें उन्हें चेतावनी दी गई है कि उनकी एपल आईडी के जरिए उनके डिवाइस को हैक करने की कोशिश की जा रही है. ऐसा स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स के जरिए किया जा रहा है. **प्रियंका ने अपनी चिट्ठी में क्या कहा**-शिवसेना सांसद ने अपनी चिट्ठी में लिखा, मैं आपका ध्यान उस अलर्ट की तरफ लाना चाहती हूं कि जो मुझे एपल की तरफ से मिला है. एपल ने बताया है कि मेरे फोन की सिक्योरिटी को तोड़ने की कोशिश की गई है. ऐसा स्टेट स्पॉन्सर्ड हैकर्स के जरिए किया गया है. मेरे पास इस मामले को गंभीरता से लेने की हर एक वजह है और मैं आपसे गुजारिश करती हूं कि इस मामले की जांच की जाए

## जाति, रिश्तेदारों और परिवार के लिए टिकटों की मारामारी, महंगाई पर सिर्फ बतोलेबाजी?

राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 5 राज्यों के मतदान में अब 30 दिन से भी कम वक्त बचा है, लेकिन इस बार महंगाई मुद्दा बनता नहीं दिख रहा है. प्याज की बढ़ती कीमत को लेकर कांग्रेस जरूर सक्रिय हुई है, लेकिन उसके बड़े नेता अभी भी टिकट बंटवारे में ही उलझे हैं. जिन राज्यों में बीजेपी विपक्ष में है, वहां पार्टी के बड़े नेता भी महंगाई पर बोलने से कतरा रहे हैं. वजह केंद्र में उन्हीं की पार्टी का सरकार का होना है. आमतौर पर महंगाई के लिए केंद्र सरकार को ही जिम्मेदार माना जाता रहा है.जानकारों का कहना है कि 1990 के बाद से ही महंगाई चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा है. महंगाई ने 2004 में अटल बिहारी वाजपेई और 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार गिराने में बड़ी भूमिका निभाई. कई राज्यों की सरकार भी महंगाई की वजह से अपदस्थ हो गई. ऐसे में चुनावी मौसम में भी महंगाई का मुद्दा न बनना राजनीतिक दलों की रणनीति पर सवाल खड़ा कर रही है.भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय के मुताबिक देश में खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मंत्रालय की मानें तो पिछले एक साल में अरहर दाल की कीमत में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. चावल के दाम भी 13 फीसदी तक बढ़ा है, जबकि आटा और चीनी की कीमतों में 5-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है.खाद्य मंत्रालय के मुताबिक 29 अक्टूबर 2022 को चने दाल की कीमत प्रति किलो 73.34 रुपए था, जो कि 29 अक्टूबर 2023 को बढ़कर प्रति किलो 82.12 रुपए हो गया. एक साल में चने दाल की कीमत में करीब 12 रुपए की बढ़ोतरी हुई है. 29 सितंबर को चने दाल की कीमत 81.52 रुपए प्रति किलो था. यानी पिछले एक महीने में ही चने दाल की कीमत में प्रति किलो 74 पैसे की बढ़ोतरी हुई है.दाल कैटेगरी में पिछले एक साल में अरहर दाल के दामों में सबसे ज्यादा उछाल आया है. 29



अक्टूबर 2022 को अरहर दाल की कीमत प्रति किलो 112.2 रुपए था, जो 29 अक्टूबर 2023 को बढ़कर 154.83 रुपए प्रति किलो हो गया है.पिछले महीने अरहर दाल की कीमत 148.5 रुपए प्रति किलो था. पिछले एक साल में सभी दालों की औसत कीमत में 10-15 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है. चावल की कीमत भी लगातार आसमान छू रही है. खाद्य मंत्रालय के मुताबिक भारत में 29 अक्टूबर 2022 को चावल की औसत कीमत 38.14 रुपए प्रति किलो था, जो अब बढ़कर 43.09 रुपए प्रति किलो हो गया है. पिछले एक महीने में चावल की कीमत में एक रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है. इसी तरह आटा का भाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है. 29 अक्टूबर 2022 को आटा का दाम प्रति किलो 28.96 रुपए था, जो इस साल 35.95 रुपए प्रति किलो हो गया है. पिछले एक साल में चीनी के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है.1. मध्य प्रदेशः सीएसडीएस ने मध्य प्रदेश में 2018 चुनाव के बाद पोस्ट पोल सर्वे किया था. इस सर्वे में 16 प्रतिशत लोगों ने कहा था कि महंगाई को मुद्दा मानकर उन्होंने चुनाव में वोट किया है. हालांकि, इस बार महंगाई की गूंज चुनाव में नहीं सुनाई दे रही है. कांग्रेस इस बार भी विपक्ष में है, लेकिन पार्टी इस बार इसे बड़ा मुद्दा बनाने में नाकाम रही है. प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के सोशल मीडिया के एक्स हैंडल से पिछले 3 दिन में 20 से ज्यादा पोस्ट किए गए हैं, लेकिन महंगाई का जिक्र एक भी पोस्ट में नहीं है. कमलनाथ के ज्यादार पोस्ट में कांग्रेस के वचन (गारंटी) और शिवराज के भ्रष्टाचार का जिक्र है. हालांकि, मध्य प्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक एक्स अकाउंट से बढ़ती प्याज की कीमत को लेकर जरूर पोस्ट किया गया है. में कितना बड़ा मुद्दा है? इस सवाल के जवाब में किसान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता परमजीत सिंह कहते हैं- मध्य प्रदेश चुनाव में स्थानीय स्तर पर महंगाई तो मुद्दा दिख ही रहा है. सिंह के मुताबिक बड़े स्तर पर महंगाई कितना बड़ा मुद्दा है यह विपक्ष के स्टैंड और मीडिया में चली खबरों से तय होता है. वे कहते हैं- विपक्ष के नेता न तो इसको लेकर संघर्ष कर रहे हैं और न महंगाई में मीडिया में जगह पा रही है, इसलिए बाहर से यह नहीं दिख रहा है.2. राजस्थानः चुनाव की घोषणा से पहले राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार ने महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाया था. गहलोत सरकार इसके काउंटर के लिए महंगाई राहत कैंप भी चलाया था. राजस्थान महंगाई दर अन्य चुनावी राज्यों की तुलना में काफी ज्यादा है.केंद्र सरकार के मुताबिक राजस्थान में महंगाई दर अगस्त में 8.60 फीसदी पर रही. राजस्थान के बाद तेलंगाना का स्थान था. यहां अगस्त में महंगाई दर 8.27 फीसदी पर रही.सीएसडीएस के मुताबिक 2018 के चुनाव में राजस्थान के 15.2 प्रतिशत लोगों ने महंगाई को बड़ा मुद्दा मानकर वोट किया था. उस वक्त राज्य में वसुंधरा राजे के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार थी, जिसे चुनाव में हार का सामना करना

# सीरवी समाज ट्रस्ट सुन्कद्कट्टे बेंगलूरू पश्चिम आईमाता मंदिर निर्माण समिति का गठन



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज ट्रस्ट सुन्कद्कट्टे आईमाता वडेर में रविवार को मंदिर निर्माण कराने के लिए समिति का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ आईमाताजी के समक्ष दीप प्रज्वलित व आरती के पश्चात हुआ। इस कार्यक्रम में वर्तमान कमेंटी के सभी पदाधिकारीयों की उपस्थिति में 25 सदस्यों को शपथ दिलाई गई। दिनांक 2 अक्टूबर को आयोजित ट्रस्टी मिटिंग में मंदिर निर्माण के लिए 5 सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। जिसमें अशोक परिहार, इन्द्रलाल सोलंकी, घीसुलाल चोयल, खेमाराम पवांर, मांगीलाल परिहार को चुना गया। आज की मिटिंग की अध्यक्षता मांगीलाल परिहार, सचिव देवाराम गेहलोत एवं संस्था के वर्तमान कार्यकारिणी पदाधिकारीओं की मौजूदगी में मंदिर निर्माण के लिए चुने गये सभी सदस्यों को सर्वसम्मति से आईमाताजी के समक्ष शपथ दिलाई गई। जिसमें अमराराम परिहारिया, गणेश राम काग,शेषाराम सेंणचा, कानाराम सोलंकी, चेनाराम बर्फा, चौथाराम बर्फा, भभूतराम गहलोत, भानाराम गहलोत, गोतम पवांर, राजाराम राठौ?, मोहनलाल चोयल, बाबूलाल गहलोत, बाबूलाल पवांर, देवाराम भायल, रूगाराम चोयल, बुधाराम पवांर, चेलाराम गहलोत, पोकरराम राठौड़, चन्दुलाल चोयल को चुना गया।

# एन.लन पुरम श्री संघ एवं श्रीरामपुरम में रजत प्रतिमा निर्माण हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू।श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजन जैन संघ एलन पुरम श्रीरामपुरम जैन संघ बेंगलुरु में मुनि राजपद्मसागरजी एवं मुनि श्रमणसागरजी की कल्याणकारी निश्रा के अंदर भगवान श्री आदिनाथ परमात्मा एवं शांतिनाथ परमात्मा कि रजत प्रतिमा का निर्माण हुआ, बहुत ही सुंदर तरीके से का होने इस रजत प्रतिमा को निहारने का बहुत बड़ी संख्या के अंदर लोग मौजूद रहे और अपने हाथों से सभी ने रजत अर्पण किया और महाराज साहब ने भी बहुत सुंदर तरीके से सभी को समझाया कि अपने जीवन



के अंदर कम से कम हम लोग प्रतिमा तो निर्माण नहीं करवा सकते, लेकिन ऐसे ऐसे कार्यों के अंदर अपना सहयोग देना चाहिए इस प्रकार से बहुत बड़ी संख्या के अंदर लोगों ने इस प्रतिमा का निर्माण में सहयोग दिया सभी लोग अपने प्रतिमा को निर्माण होते हुए देखकर के अपने आप को भाग्यशाली समझ पुण्यशाली समझा, और जिस प्रकार से आत्मा का कल्याण हेतु अषाढ़ी श्रावक ने परमात्मा से पूछा कि भगवान मेरा मोक्ष कब होगा और तब जाकर के दामोदर तीर्थंकर परमात्मा ने अषाढ़ी श्रावक को कहा कि आपका मोक्ष श्री पार्श्वनाथ परमात्मा के शासनकाल में आपका मोक्ष होगा आप सर्वथा दुखों से मुक्त हो जाओगे, और तब उसे श्रावक ने उसे जमाने में उसे काल के अंदर उन्होंने पार्श्वनाथ परमात्मा की मूर्ति का निर्माण किया था मूर्ति भराई थी बस ऐसे ही भावों के साथ में सभी लोगों ने इस मूर्ति निर्माण में सहयोग दिया है। तारु आगमन तारु आगमन ऐसे गीतों से होल गुंज उठा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की जयंती मनाई



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 5 नवंबर 2023 रविवार को परम श्रद्धेय स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पंकज त्रिपाठी,जनपद सदस्य विजय सिंह कुशवाहा,ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण एवरन सिंह बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्तागण देशराज दौहरे,भागीरथ सिंह कुशवाहा,सतीश चंद्र जैन,चांद मोहम्मद खान कांग्रेस कार्यकर्ता फिरोज खान आदि लोग सम्मिलित हुए।

# सीरवी आई माता सेवा संघ के पदाधिकारीओं ने भाजपा पार्टी के प्रत्याशी अविनाश गहलोत का किया सम्मान

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

बेंगलूरू। जेतारण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार अविनाश गहलोत की जन सभा का आयोजन लिंगराजपुरम वडेर में किया गया। इस अवसर पर सीरवी आई माता सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष नेतीराम काग, सचिव मोहनलाल मुलेवा, पूर्व अध्यक्ष दुर्गाराम राठौ?, पेमाराम बर्फा, देवाराम,कैलाश बर्फा, समाज के अनेक सदस्यों



लाबुराम बर्फा सहित द्वारा अविनाश गहलोत का सम्मान किया गया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि 25 नवम्बर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजस्थान पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आपकी सेवा के लिए तत्पर हूँ। और आगे भी रहुंगा। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य बंधुओ ने भाग लिया तथा पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# प्रत्याशी लाल सिंह आर्य ने किया मोटरसाइकिल से जनसंपर्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गोहद विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य ने नगर परिषद में 17 नवंबर को होने जा रहे चुनाव के लिए क्षेत्र में मोटरसाइकिल से जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगे और कहा कि यह चुनाव गोहद के विकास के लिए है। आपका आशीर्वाद मिला तो गोहद विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल दूंगा। जनसंपर्क अभियान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ. रमेश दुबे, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी श्री अवधेश सिंह कुशवाह, एडवोकेट जिला महामंत्री श्री कमल शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह कुशवाह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएसटी नाकों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों की निगरानी के लिए कर्मचारी तैनात

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी

सतना। सतना अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला सतना/मैहर की सातों विधानसभा क्षेत्रों में गठित एसएसटी टीमों के द्वारा जिले की सीमाओं में एवं जिले की सीमाओं के अंदर नाकों में सीसीटीव्ही कैमरों के माध्यम से 24 घण्टे निगरानी रखी जा रही है। एसएसटी की कार्यवाही को जिला मुख्यालय पर संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के द्वितीय तल में कन्ट्रोल रूम के माध्यम से देखा जा रहा है। कन्ट्रोल रूम में नियुक्त कर्मचारियों की पालीवार ड्यूटी के अनुसार जनपद पंचायत सोहावल के पीसीओ केपी सिंह प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, भरतलाल ताम्रकार की अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा कृषि उपज मंडी समिति सतना के मण्डी निरीक्षक रावेन्द्र शेखर अग्निहोत्री की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक निगरानी कार्य के लिए लगाई गई है।

# भ्रष्टाचार और मंहगाई को खत्म करना है तो कांग्रेस की सरकार बनाये : कन्हैया कुमार

## गुंडागर्दी करने वालों की जगह अब रोड़ नहीं जेल होगी :चौ. राकेश सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भिंड कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी राकेश चतुर्वेदी के समर्थन में स्टार प्रचारक कन्हैया कुमार ने बहना याद नहीं आई चुनाव के वक्त ला?ली बहना याद आ रही है,जनता अब इनके छलावे में नहीं आएगी। उन्होंने भिण्ड की भूमि को वीरों की और कुछ लोग इसी दम जीतने का प्रयास कर रहे हैं,उन्होंने कहा कि अब गुंडागर्दी करने वाले सावधान हो जाए अगर जनता का आर्शीवाद




खंडा रोड़ पर आमसभा को संबोधित किया।कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि आज जिला,प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरा देश महंगाई से जूक्ष रहा है,भाजपा जनता को जाति-धर्म पर ल?ाने का काम करती है। श्री कुमार ने कहा कि मध्यप्रदेश की 18 साल की भाजपा सरकार ने सिर्फ घोटाले किये हैं,उन्होंने कहा कि 18 बर्षों में भाजपा सरकार को कभी लाड़ली भूमि कहा।उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन चाह रही है और जनता का कांग्रेस पार्टी को पूरा सहयोग मिल रहा है, मध्यप्रदेश में कांग्रेस 150 सीटों से अधिक पर जीतेंगी। कांग्रेस प्रत्याशी चौ. राकेश सिंह चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, मंहगाई, अपराध बड़ हैं। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि पिछले कुछ बर्षों में जिले में गुंडागर्दी बड़ी है मिला तो गुंडों की जगह रोड़ नहीं सीधे जेल होगी। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।सभा को जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, देवाशीष जरारिया, रामकिशोर भारद्वाज,मोहन सिंह कुशवाह,डॉ राधेश्याम शर्मा, सचिन द्ववेदी, सहित मंच पर कई पदाधिकारी एवं सभा में कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

# कमलनाथ लाएंगे प्रदेश में पांच लाख करोड के निवेश- शशांक सक्सेना





**सीहोर।** रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने नगर के मुख्य बाजारों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान अनेंकों स्थानों पर उनका व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अपना समर्थन दिया। कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनसंपर्क में उपस्थित रहे। अटक चौक से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए कोतवाली से गांधी रोड, चरखा लाईन, बडा बाजार, सर्राफा बाजार, खजांची लाईन, मुकेरी लाईन में श्री सक्सेना ने घर घर जाकर लोगों से आर्शीवाद लिया। शशांक सक्सेना ने कहा कि आज भाजपा सरकार में व्यापारी वर्ग पीडित है। भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकारें व्यापारियों के साथ लूट खसोट करने में लगी हुई हैं। भाजपा सरकार में उद्योग, धंधे और कारोबार की कमर टूटी है। व्यापारियों पर भारी भरकम टेक्स लाद दिए गए हैं। पहले नोटबंदी फिर जीएसटी और फिर कोरोना काल में व्यापार को नुकसान हुआ। आज व्यापारियों में भय का माहौल है। नोटबंदी में छोटे और मझोले उद्योग बर्बाद हो गए। कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में आद्योगिक विकास को गति मिलेगी। कमलनाथ प्रदेश में पांच लाख करोड के निवेश लाएंगे। एक हजार नई आद्योगिक ईकाई स्थापित की जाएगी। युवाओं को उद्योगपति बनाने के लिए नई स्टार्टअप नीति लागू की जाएगी। पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर व्यापारियों का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाएगा। भाजपा अनाश्यक कार्रवाई व्यापारियों पर करती है और अफसर उन्हें डराकर घूसखोरी कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार में व्यापारियों से लिए अच्छा माहौल निर्मित होगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा बलवीर तोमर भी उपस्थित रहे।कहा कि भाजपा सरकार में बडे उद्योगपतियों का कर्ज माफ हुआ कई बैंकों का कर्ज लेकर भाग गए लेकिन कोरोना में बर्बाद हुए छोटे व्यापारियों का कर्ज माफ नहीं किया गया सरकार ने उन्हें कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई। राहत देने की बजाय व्यापारियों पर कई टेक्स लगाए जा रहे हैं। शशांक सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में निवेश का माहौल बनेगा। छोटे, मझोले व्यापारियों को अनावश्यक टेक्टसों से राहत मिलेगी।

# किसान परेशान हैं, जनता हलाकान हैं और विकास के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं विक्रम मस्ताल शर्मा

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, बताया कांग्रेस का वचन पत्र

बुधनी। किसान परेशान हैं, जनता महंगाई के कारण हलाकान हैं। गरीबों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार नहीं मिल पा रहे हैं। गांवों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। आखिरकार जिस विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है वह विकास कहां पर नजर आ रहा है और इस विकास के नाम पर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। जब विकास कहीं नजर ही नहीं आ रहा है, कहीं दिखाई ही नहीं दे रहा है तो फिर किस नाम से वोट मांगे जा रहे हैं। इस बार भाजपा के इन झूठे वादों एवं इनके छलावे में नहीं आना है। इस बार बुधनी विधानसभा का विकास कराना है, इसलिए कांग्रेस की सरकार बनाकर कमलनाथजी को मुख्यमंत्री बनाना है। ये बातें बुधनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कही। वे बुधनी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने रविवार को बुधनी विधानसभा के सरवरगंज, तिला?िया, ख?गांव, रिझा?िया, छिंदगांव काछी, डिमावर, आंबा, ब?गांव, चमेटी, नीलकंठ, चींच, बोरखे?ी, मंजली, सोंठिया सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में ढोल-बाजे बजाए गए, आतिशबाजी करके पुष्प वर्षा के साथ उनकी भव्य अगवानी की गई।

**कांग्रेस ने वचन पत्र में वचन दिया है कर्जमाफी की जाएगी**-कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में वचन दिया है कि सरकार बनते ही किसानों की कर्जमाफी



की जाएगी। कर्जमाफी 2018 में बनी 15 माह की सरकार में भी हुई थी, लेकिन दल-बदलुओं के कारण सरकार गिर गई एवं सभी किसानों की कर्जमाफी नहीं हो सकी। इस बार भी कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में किसानों की कर्जमाफी का वचन दिया है और कांग्रेस एवं कमलनाथजी जो भी वचन देते हैं उसे हर हाल में पूरा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में सिर्फ कर्जमाफी का ही वचन नहीं दिया है, बल्कि किसानों के बिजली के बिल माफ एवं हाफ किए जाएंगे। महिलाओं के लिए नारी सम्मान योजना शुरू की जाएगी। 500 रूपए में सिलेंडर दिया जाएगा। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में उद्योग लगाए जाएंगे, ताकि युवाओं को इनसे रोजगार मिले। इस दौरान विक्रम मस्ताल शर्मा ने कांग्रेस के वचन पत्र के अन्य वचन भी ग्रामीणों को बताए और दावा भी किया कि सरकार बनने के बाद इन सभी वचनों को हर हाल में पूरा किया जाएगा। कोई भी वचन खाली नहीं जाएगा।

**हो रही है हनुमानजी की जय-जयकार-** विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' जहां भी जनसंपर्क के लिए पहुंच रहे हैं वहां पर उनकी जय-जयकार हो रही है। जयश्री राम के नारे लगाए जा रहे हैं। गौ माता की जयकार की जा रही है। विक्रम मस्ताल शर्मा भी जिन गांवों में पहुंच रहे हैं वहां के खे?ापति, हनुमान मंदिर सहित अन्य देव स्थानों पर माथा भी टेक रहे हैं। इस दौरान युवाओं के बीच में उनके साथ सेल्फी लेने की हो? भी लगी हुई है। विक्रम मस्ताल शर्मा गांवों में पहुंचते हैं तो युवा उनको घेर लेते हैं। महिलाएं भी उनके साथ में फोटो खिंचवा रही हैं एवं उनको अपना समर्थन दे रही हैं। इसी तरह वे बुजुर्गों से आशीर्वाद भी ले रहे हैं।

## गोविन्दगढ़ पुलिस की कार्यवाही गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस नें अबैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार




पुष्पांजली टुडे

**रीवा।।** पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मु?बिर की सूचना पर डिहिया चौराहे के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी मनोज पटेल पिता महेंद्र पटेल वर्ष निवासी बम्हंगवा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 385/2023 धारा 25-क्क आर्म्स एक्ट अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल,स्ढ्ढ गुलाब सिंह सिंह ,सउनि संतोषी सिंह,प्रधान आरक्षक केमला प्रसाद ,आरक्षक उपेन्द्र सिंह,आरक्षक नरेन्द्र तिवारी ,शिवानी सिंह कौशलेंद्र सिंह

## अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान हेतु अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त

### मतदान सामग्री आज 6 नवम्बर को वितरित की जाएगी

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुपस्थित मतदाताओं जैसे दिव्यांगों एवं 80 साल से अधिक आयु के मतदाताओं का मतदान 7 एवं 8 नवम्बर को कराया जाएगा। मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्रवार अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। मतदान के लिए मतदान सामग्री आज 6 नवम्बर को दोपहर दो बजे से संबंधित रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से वितरित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मतदान के लिए रूट चार्ट बनाकर विधानसभा क्षेत्रवार मतदान दल तैनात कर घर-घर मतदान कराने की व्यवस्था की गई है। मतदान के समय मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रत्येक दल में मतदान अधिकारियों के अलावा माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा अधिकारी व वीडियोग्राफर को भी शामिल किया गया है।

## कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार इंजी. राजेन्द्र शर्मा का रीवा शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क





पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार इंजी. राजेन्द्र शर्मा का रीवा शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क जारी है। इसी क?ी में वार्ड क्रं. 11, 13, 14 में मतदाताओं का अपार समर्थन कांग्रेस पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रहा है। मतदाताओं को संबोधित करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यदि आप सभी लोगों का आशीर्वाद इसी तरह से प्राप्त हुआ और मैं विधानसभा की दहलीज पर पहुंचा तो मेरा विकास भाजपा के विकास से विपरीत होगा। मैं केवल नाली स?क एवं फ्लाईओवर तक ही सीमित नहीं रहूंगा। मेरी प्राथमिकता होगी कि रीवा के युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो जो युवा बेरोजगार हैं, यहाँ वहाँ भटक रहें है उन्हें छोटे छोटे उद्योग स्थापित कर बेहतर रोजगार प्राप्त करा सकूं। और शहर के विकास के लिए अद्योसंरचनात्मक योजनाएं निर्मित कराकर शहर का चहुंमुखी विकास करूं। श्री शर्मा ने भाजपा शासन में युवाओं के साथ हो रहे अन्याय का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का युवा नशे का आदि हो गया है इसे समाप्त करने का पुरजोर प्रयास करूंगा। प्रदेश में इस बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है इसलिए आवश्यक है कि आप का भी प्रतिनिधि विधानसभा पहुंच कर रीवा शहर को अति विकसित शहर की श्रेणी में पहुंचा सकें। वार्ड के सभी मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को आश्वस्त किया कि इस बार परिवर्तन की लहर चल रही हैं, निश्चित रूप से रीवा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से विजयी होगें। इस अवसर पर वार्ड नं. 14 में भाजपा के संयोजक पद पर अनेकों वर्षो से कार्य कर रहे प्रदीप द्विवेदी और उनके साथियों ने इंजी. राजेन्द्र शर्मा और महापौर अजय मिश्र बाबा के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया नेताद्वय ने कांग्रेस पार्टी का अंगवस्त्र पहना कर उन्हें कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई और कहा कि इन सभी युवा साथियों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है, तथा उनके सम्मान पूरा ध्यान रखा जायेगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रदीप द्विवेदी, कमलेश पाण्डेय, अरूण पटेल, यज्ञभान पटेल, सुरेश मिश्रा, बुद्धिमान सिंह, भूपेन्द्र मिश्रा सहित अनेको युवाओं ने सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता पाण्डेय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश सिंह, संगठन मंत्री ग्रामीण रवि तिवारी, विधानसभा के पूर्व सचिव सत्यनारायण चतुर्वेदी, पार्षद रवि तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, धनेन्द्र सिंह, अमित चौबे, रामलाल पाण्डेय, हर्षलाल शुक्ला, एड. शशि कुमार पाण्डेय, रामकृष्ण ताम्रकार, जगनिवास द्विवेदी, चंचल द्विवेदी, सूर्यपाल मिश्रा, अर्जुन सोंधिया, बब्लू सोंधिया, राकेश सोंधिया, जगजीवन लाल सोंधिया, उदित नारायण मिश्रा, शिवानंद सिंह, बालेश्वर द्विवेदी, श्याम सरोज सोनी, मोती लाल पांडे, डॉ. के.पी.त्रिपाठी, राजेंद्र शुक्ला, रामलखन मिश्र, जी पी त्रिपाठी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण

### कमीशनिंग के लिए की जा रही तैयारियों का लिया जायजा



पुष्पांजली टुडे

**रीवा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत रिजर्व ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी ईव्हीएम वेयर हाउस में की जा रही है। ईव्हीएम मशीनों को एफएलसी के बाद वेयर हाउस से निकालकर कमीशनिंग के लिए इंजीनियरिंग कालेज में रखा जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने वेयर हाउस में मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का निरीक्षण किया। तदुपरांत उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज में आगामी आठ नवम्बर से प्रारंभ हो रहे कमीशनिंग की तैयारियों का जायजा भी लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इंजीनियरिंग कालेज में निर्धारित चार हॉल में होने वाले कमीशनिंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आगामी सात नवम्बर को ईव्हीएम के रेण्डमाइजेशन के उपरांत कमीशनिंग का कार्य विधानसभा क्षेत्रवार किया जाएगा। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले एवं कमीशनिंग कार्य के प्रभारी अधिकारी व कमीशनिंग से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतदान सामग्री वितरण स्थलों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न

### माईक्रो आब्जर्वर निर्वाचन प्रक्रिया पर बारीकी से निगरानी रखें - प्रेक्षक





पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारूपूर्ण एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से रीवा एवं मऊगंज जिले के विधानसभा क्षेत्रों के संवेनदशील मतदान केन्द्रों में माईक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। यह माइक्रो आब्जर्वर चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी रखेंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण में प्रेक्षक श्री अभय सिंह, श्री सुहास कृष्ण दिवासे, श्री केएन रमेश, श्री विनीत कुमार, डॉ अश्वनी कुमार शर्मा उपस्थित रहे। माईक्रो आब्जर्वर को निर्देश देते हुए प्रेक्षक श्री अभय सिंह एवं श्री केएन रमेश ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया में निगरानी के लिए तैनात किया गया है। मतदान दल के सदस्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान सम्पन्न करा रहे हैं अथवा नही इसकी रिपोर्ट आब्जर्वर को करनी है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर निगरानी करके रिपोर्ट केवल चुनाव प्रेक्षक को ही सौंपे। आपको मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का हस्ताक्षेप नही करना है केवल पूरी प्रक्रिया की सावधानी से निगरानी करते हुए उसके अनुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करना है। रिपोर्ट की जानकारी तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी की जानकारी समान होनी चाहिए। इसमें किसी तरह का अन्तर होने पर निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान के समय यदि किसी भी प्रकार का अवरोध आता है तो उसकी तत्काल सूचना दें। उन्होंने अपेक्षा की कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी माइक्रो आब्जर्वर अनुभवी अधिकारी हैं। वह निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार टीम वर्क के साथ काम करेंगे और निर्बाध रूप से जिले में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी।

## थाना शाहपुर पुलिस ने गुमशुदा/अपहृता को 24 घण्टे के भीतर दस्तयाव कर परिजनो को सुपुर्द किया

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मऊगंज श्री वीरेन्द्र जैन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय मऊगंज विवेक कुमार लाल के निर्देशन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय मऊगंज श्री इन्द्राज सिह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुर उनि. जगदीश सिह ठाकुर के व्दारा हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 02.11.23 को फरियादी द्वारा थाना उप0 आकर उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र अपनी नाबालिक लडकी की गुम होने या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फूसला कर भगा ले जाने के संबंध मे पेश किया था आवेदन पत्र के मजमून पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना शाहपुर में अपराध क्रमांक 278/2023 धारा 363 ता.हि. का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया । तत्काल कार्यवाही हेतु अग्रसर होकर टीम गठित कर मामले सदर की अपहृता की पता तलाश की गई जो गुम शुदा/अपहृता को भोपाल से दस्तयाव कर विधिवत कार्यवाही कर परिजनो को सुपुर्दगी में दिया गया ।

**महत्वपूर्ण भूमिका** – थाना प्रभारी उनि जगदीश सिंह ,सउनि.अनन्त बिजय सिंह ,आर.236 सुमित कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

## देवतालाब सीट पर समाजवादी कांग्रेस पार्टी में टक्कर, भाजपा की हालत खराब

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज

मध्य प्रदेश मऊगंज देवतालाब विधानसभा सीट मऊगंज जिले की एक विधानसभा सीट है और यह प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है. हालांकि पहले यह सीट रीवा जिले में हुआ करती थी, लेकिन अब यह सीट रीवा से हटकर मऊगंज जिले में चली गई है. इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय ही रहा है. देवतालाब सीट पर अभी भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है । देवतालाब विधानसभा सीट पर मुकाबला हमेशा ही दिलचस्प होता आया है. इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी भी कई बार चुनाव जीत चुकी है, लेकिन 35 सालों से इस सीट पर कांग्रेस को जीत नसीब नहीं हुई और यह सीट उसके लिए किसी वनवास से कम नहीं है. इस सीट पर पिछले 25 सालों से बीजेपी का ही कब्जा है और 15 सालों से विधानसभा स्पीकर गिरीश गौतम यहां से विधायक हैं. वहीं पर अपना पहचान बनाते हुए श्रीमती सीमा जयवीर सिंह का 2018 चुनाव में काफी वोटिंग परसेंट था लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी में आने के बाद हलचल मच गई है जनता की समस्या से निवारण करने वाले सीमा जयवीर सिंह इस समय जनता का काफी आशीर्वाद मिल रहा है समाजवादी पार्टी से अभी तक कोई भी ऐसा प्रत्याशी नहीं था कि 5000 से ऊपर वोट प्राप्त कर सकते लेकिन इस समय सीमा जयवीर सिंह जीत के कगार में भी लग रहे हैं जनता का काफी विश्वास देखने को मिल रहा है। वही आपको देवतालाब विधानसभा से भाजपा से नाराज होकर काफी व्यापारियों ने समस्या का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों को कहना पड़ा है कि भाजपा सिर्फ नेताओं को देती है और गरीबों को नहीं तो उनके भतीजे कांग्रेस से उतरे पद्मेश गौतम भी काफी हद तक जनता का आशीर्वाद है अब देखना दिलचस्प होगा

# अब यह क्षेत्र डांग नहीं बचा है, यहाँ हमने बहुत विकास किया हैः खत्री





**बैरसिया।** भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने शनिवार को बरखेड़ा खुर्द, रमाहा, भीमकुंड, गांधीनगर, खेजडा कल्याणपुर, चंदपुरा, बीजापुरा, खताखेड़ी, गनखेड़ी, मजीदगड़, कोलूखेड़ी, रावतपुरा, देवपुरा, गड़ा ब्राह्मण, पातलापानी, हरिपुर एवं खंडारिया में जनसपंर्क किया। जनसपंर्क में भाजपा प्रत्याशी द्वारा उक्त गांवों में कराये गए विकास कार्यों को लेकर लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि विधानसभा का सबसे अपेक्षित क्षेत्र था। इस क्षेत्र में हमने सबसे अधिक विकास किया है। इस क्षेत्र में न सड़कें थी, न स्कूल थे। यह क्षेत्र डांग क्षेत्र कहलाता था। आज हर गांव सड़क मार्ग से जुड़ा है। हर गांव में स्कूल है। बारिश में इस क्षेत्र में रास्ते बंद रहते थे। बीमार होने पर खटिया पर रखकर मरीजों को लाना पड़ता थे। इस क्षेत्र में बिजली तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि टेम परियोजना में जिन किसानों की भूमि डूब क्षेत्र में गई है। उन्हें हमने आगे रहकर मुआवजा राशि दिलाई है। इसके अलावा इस डेम से यहाँ के किसानों की भूमि सिंचित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी गांव और गरीब पर ध्यान नहीं दिया। यदि ध्यान दिया होता तो यहां जो विकास हमने किया है। वह विकास कांग्रेस ने क्यों नहीं किया था। हमारी भाजपा सरकार हर दिशा में काम कर रही है। लोगों का जीवन स्तर में सुधार हुआ है। 500 वर्षों बाद रामलला प्रभु मंदिर में विराजमान होंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री ने किया अनेकों गांवों में जनसंपर्क

**बैरसिया।** बैरसिया विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण इन दिनों लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर मतदाताओं का आशीर्वाद लेकर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील कर रही है। भेंट मुलाकात के इस क्रम में शनिवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के कोलूखेली आंवली खेड़ा मीना पुरा कालापीपल रतनपुर रुनाह कोलुखेडी कालोनी कढ़ैया खेड़ा काछीपुरा भाटिया सुनगा खोक्लयाखेडा गनियारी कढ़ैया दमीला भमोरी शेषापुरा परसौरा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण का ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया और जयश्री हरिकरण को विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजय दिलाने की बात कहते हुए कांग्रेस पार्टी जिन्दावाद के नारे लगाए। जनसंपर्क के दौरान जयश्री हरिकरण ने ग्रामीणों से अपील की कि लोकतंत्र के इस महान त्योहार में भाग लेकर आप सभी कांग्रेस पार्टी को वोट दीजिए और आपके आशीर्वाद ले हमें विजय प्राप्त हो जिससे बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में दलाली कमीशन खोरी भ्रष्टाचार खत्म कर आप और हम मिलकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करेंगे। जनसंपर्क में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्लाक मंडलम सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।





### पहनने से पहले जरूर जान लें इसके प्रभाव

# परेशानी की वजह बन सकता है हाई हील्स का शौक

## एड़ी, घुटनों में या पीठ में हो सकती है दर्द की शिकायत

**हाई हील्स पहनने के नुकसान**

- पोश्चर बिगड़ सकता है।
- संतुलन बिगड़ सकता है।
- फ्रैक्चर का खतरा बना रहता है।
- एड़ी, पैर और कमर में दर्द।
- पैर की नसों के डैमेज होने का खतरा।
- स्पाइन में गड़बड़ी हो सकती है।

*__खूबसूरत__ दिखने के लिए लड़कियां के कई तरीके अपनाती हैं। वहीं, उनके कई ऐसे शौक भी होते हैं, तो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। हाई हील्स उनके इन्हीं शौक में से एक हैं, तो वह अक्सर खुद को लंबा दिखाने के लिए पहनती हैं। यह उनमें आत्मविश्वास भी भर देता है। कभी- कभी हील पहनने से कोई बड़ा नुकसान नहीं होता, लेकिन अगर आपको इसकी आदत नहीं है, तो ये पहली बार में ही आपके पैर को झटके से मोड़ सकती हैं, जिससे मोच लगने का डर बना रहता है। साथ ही नियमित रूप से हील पहनने से आपको हील, एड़ी, घुटनों में या पीठ में भी दर्द हो सकता है। इतना ही नहीं हील पहनने से आपके चलने का अंदाज भी बदल सकता है।*

## क्या बंद कर दें हाई हील्स का इस्तेमाल?

हाई हील्स के इतने नुकसानों के बारे में सुनने के साथ बाद आपके मन में एक ही सवाल आ रहा होगा कि क्या हाई हील्स पहनना ही बंद कर दें। अगर हम ये बोलें कि हील पहनना ही बंद कर दें, तो शायद ही कोई महिला इस बात को आसानी से स्वीकार करेगी। ऐसे में ऐसा क्या करें कि आपके हील्स पहनने का शौक भी पूरा हो जाए और आपके स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव भी न पड़े।

आगे से बंद होने वाली हील की तुलना में आगे से खुली रहने वाली हील चुनें। क्योंकि आगे से बंद हील में आपके पैर की उंगलियां एक साथ संकुचित हो कर कसी हुई बंद रहती हैं। इससे पैर के आगे वाले हिस्से के जोड़ों में जरूरत से ज्यादा दबाव पड़ता है।

स्टिलेटोस से अच्छा है ब्लॉक हील पहनें। ब्लॉक हील से अच्छा है वेजेज पहनें, क्योंकि ऐसे में एक बिंदु पर दबाव नहीं पड़ता है और हील से लेकर पैर की उंगलियों तक वजन बराबर मात्रा में बंटा रहता है।

2 इंच या उससे कम नाप की हील्स पहनें। इससे जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है।

नंब या सुन्न करने की कोई क्रीम लगा कर हील्स न पहनें। इससे आप अपने दर्द को छिपाने की कोशिश करेंगे और ये और भी अधिक खतरनाक होता है।

## दर्द से राहत दिलाएंगी ये एक्सरसाइज

**पैर** के नीचे बॉल रख के उस पर पैरों को आगे पीछे करें।

**पैर** की एक-एक उंगलियों के अंदर हाथ की एक-एक उंगलियां डाल कर उन्हें घुमाएं और एड़ी को ऊपर नीचे स्ट्रेच करें।

**टो** स्पेसर की प्रक्रिया करें, जिसमें मोजे को पैर की उंगलियों में डाल कर हर एक उंगली के बीच स्पेस करते जाएं।

**टो** एक्सटेंशन करें। इसके लिए एक कुर्सी पर बैठ जाएं और अपने पैर की उंगलियों को आगे की तरफ खींचे।

**खड़े** हो कर एक पैर की हील उठाएं और एक पैर की नीचे रखें। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं।

# लोगों के बीच बच्चे को बनाएं कॉन्फिडेंट

## अच्छे डेवलपमेंट की जिम्मेदारी पैरेंट्स की

*__हर मां-बाप__ को अच्छा लगता है, जब बच्चे अपनी बातों को खुलकर कहते हैं, नाचते हैं, दूसरों की एक्टिंग करते हैं, बड़ी बहन को तंग करते हैं, लेकिन वहीं बच्चे स्कूल में या किसी पार्टी फंक्शन में एक किनारे गुमसुम सा खड़ा रहें, तो पैरेंट्स को बहुत बुरा लगता है। वैसे भी हर इंसान की अपनी अलग पर्सनालिटी होती है, कोई बहुत बातूनी होते हैं, तो कोई कम बोलने वाले, कोई ज्यादा फिजिकल एक्टिव होते हैं, तो कोई सुस्त प्रकृति के। लेकिन अपनी बातों को समय पर न कह पाना, इसलिए हमें हमारे बच्चों को समाज में अपनी बातों को कैसे रखना है ये सिखाना पड़ेगा। तो आइए जानते हैं अपने बच्चों को कैसे कॉन्फिडेंट बनाएं।*

## शर्मीले बच्चों को कैसे बनाएं कॉन्फिडेंट

**शारीरिक** या मानसिक किसी भी तरह से देखा जाए, तो बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। इसलिए इनके अच्छे डेवलपमेंट की जिम्मेदारी हमारी बनती है, क्योंकि हम इन्हें जिस भी सांचे में ढालेंगे ये उसी में ढल जाएंगे। बेहतर यही होगा कि हम बच्चों की गतिविधियों पर फोकस करके समय रहते उनको अच्छा परवरिश दें और उन्हें समाज का श्रेष्ठ व्यक्ति बनने में मदद करें। शर्मीले बच्चों को कॉन्फिडेंट बनाने के कुछ आसान उपाय।

### अपने बच्चे का अच्छा साथी बनें

अगर आपका बच्चा घर पर आपके और अन्य सदस्यों के साथ नॉर्मल रहता है, लेकिन बाहर निकलते ही एकदम शांत हो जाता है, तो ऐसे में उसे सबके सामने डांटे नहीं बल्कि एकांत में उससे पूछे कि आखिर क्या बात है। कई बार ऐसा होता है कि अगल-बगल का माहौल उसकी परेशानी का कारण हो सकता है, लेकिन कई बार कुछ और भी वजह हो सकती है, इसलिए आप उसकी परेशानी का कारण समझें और निवारण करें ।

### तुलना बिल्कुल भी न करें

हर बच्चों की अपनी कैपिसिटी होती है, इसलिए किसी एक बच्चे की तुलना किसी दूसरे बच्चे से करना उसे हतोत्साहित करना होगा। चाहे दोनों बच्चे खुद आपके ही क्यों न हों, ऐसा करने से बचें।



### बच्चों की बात जरूर सुनें

कभी भी किसी भी मामले की गहराई को जाने बिना बच्चों को डांटे नहीं। उससे खुलकर प्यार से सारी बात सुनें तभी किसी निर्णय पर पहुंचे।

### बच्चों के आदर्श बनें

हर बच्चा अपने मां बाप का आईना होता है, इसलिए आपको अपने बच्चों में जो चीजें चाहिए उन्हें खुद की जिंदगी में उतारना पड़ेगा मतलब खुद ही उनका रोल मॉडल बनना पड़ेगा।

### नई चीजें सिखाएं

**बच्चों** को नई एक्टिविटीज में एडमिशन कराएं इससे उनको कई बच्चों में रहकर अपने स्किल डेवलपमेंट करने में सहायता मिलेगी, साथ ही दूसरे बच्चों के साथ बात करना भी सीखेगा।

## 'मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करेंगे'

**नई दिल्ली।** आईसीसी विश्व कप 2023 से बाहर होने के बाद भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने कहा कि यह पचाना मुश्किल है कि वह अब इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में, 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि बाहर होने के बावजूद, वह टीम के साथ रहेंगे और हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। पांड्या ने कहा कि 'मेन इन ब्लू' टीम विशेष है और उन्हें यकीन है कि हर खिलाड़ी इस विश्व कप में भारत को गौरवान्वित करेगा।

हार्दिक पांड्या ने एक्स पर लिखा, इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग से बाहर हो गया हूं। मैं पूरे जोश के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर खेल की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं और प्यार के लिए धन्यवाद, समर्थन अविश्वसनीय रहा है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम हर किसी को गौरवान्वित करेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ भारत की 7 विकेट की जीत के दौरान हार्दिक पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी और आगामी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। हालाँकि, शनिवार को 'मेन इन ब्लू' टीम से उनके बाहर होने की पुष्टि हो गई। मेन इन ब्लू टीम में पांड्या की जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा लेंगे, जिन्हें शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद प्लेइंग ग्रुप में जोड़ा गया है।

# विश्व कप से बाहर हुए हार्दिक पांड्या, प्रसिद्ध कृष्णा प्रतिस्थापन के तौर पर भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के विश्व कप 2023 के अजेय अभियान को उस समय करारा झटका लगा जब शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टूर्नामेंट के शेष भाग में नहीं खेल पाएंगे। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो एक साल की लंबी चोट के बाद हाल ही में अंतरराष्ट्रीय टीम में लौटे हैं, को हार्दिक के प्रतिस्थापन के रूप में चुना गया है।

भारत के स्टार ऑलराउंडर, जिनका 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ खेल के दौरान टखना मुड़ गया था, वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उन्होंने मैच में आगे हिस्सा नहीं लिया। बाद में वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ भारत के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाये।

बीसीसीआई और टीम प्रबंधन इस बात को लेकर आश्वस्त था कि हार्दिक, जो तब से एनसीए में इलाज और पुनर्वास से गुजर रहे हैं, सेमीफाइनल के लिए फिट होंगे, जिसके लिए



भारत ने गुरुवार को क्वालीफाई किया, लेकिन अब यह सामने आया है कि हार्दिक समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं।

आईसीसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के विश्व कप मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय हार्दिक के बाएं टखने में चोट लग गई थी और अब यह पुष्टि हो गई है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी शेष अभियान के लिए समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं।' शुरू में माना गया कि यह टखने की मोच से गम्भीर नहीं है, लेकिन चूंकि यह ग्रेड 1 की चोट थी, इसलिए रिकवरी की अवधि 10-15 दिनों के बीच रहने की उम्मीद थी। स्पष्ट रूप से, जैसा कि यह पता चला है, हार्दिक की चोट से हुई क्षति सोच से कहीं अधिक चिंताजनक है। यह घटनाक्रम निश्चित रूप से भारत के लिए झटका है क्योंकि हार्दिक न केवल फिनिशर की भूमिका में बल्ले से फॉर्म में थे, बल्कि भारत के छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में उनकी उपलब्धता ने टीम को सही संतुलन दिया। उनकी अनुपस्थिति में, भारत ने मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव को अपनी एकादश में शामिल किया है।उनके स्थान पर आए प्रसिद्ध ने भारत के लिए वनडे और टी20 में 19 मैच खेले हैं और 33 विकेट लिए हैं। वह अपने कमर के तनाव फ्रैक्चर के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहे और आयरलैंड के खिलाफ दो टी20ई में उन्होंने वापसी की, जहां उन्होंने 4 विकेट लिए। प्रारंभ में भारत की विश्व कप टीम में जगह नहीं मिल पाने के कारण, प्रसिद्ध चल रहे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (भारत के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया और 5 विकेट लिए। हालाँकि, भारत की 7 में से 7 जीत की शानदार लय और मोहम्मद शमी के सिर्फ तीन मैचों में 14 विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए, ऐसा नहीं लगता है कि प्रसिद्ध को खेलने का मौका मिलेगा।

## मोहम्मद शमी ने विकेट लेने का कारगर तरीका ढूंढ लिया है : बेन स्टोक्स

**लखनऊ।** मौजूदा विश्व कप में इंग्लैंड को स्टोक्स की मौजूदगी से भी ज्यादा मदद नहीं मिली। टीम छह में पांच मैचों हार का सामना करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है। स्टोक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि समस्या यह है कि हमने जो भी योजना बनाई उसका कोई असर नहीं हुआ। हमने काफी खराब प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस पूरे विश्व कप में हमने जो कुछ भी करने की कोशिश की है, वह प्रभावी नहीं रहा। प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बनाने की बात हो या फिर खुद दबाव से बाहर निकलने की बात हो हम हर मामले में विफल रहे। स्टोक्स ने कहा कि मोहम्मद शमी इस विश्व कप में अब तक के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे है। उन्होंने कहा कि मैंने शमी के खिलाफ बहुत क्रिकेट खेला है, वह एक शानदार गेंदबाज है और मुझे लगता है कि हमने उसे कल रात देखा था और उन्होंने विश्व कप में ऐसा प्रदर्शन किया जो वास्तव में काफी अभूतपूर्व है। मुझे लगता है कि वह स्पष्ट रूप से विश्व कप का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसने हर मैच को खेला है लेकिन कम मैचों में उसने जितने



विकेट लिए हैं वह अविश्वसनीय है। उसने विकेट लेने का कारगर तरीका ढूंढ लिया है। स्टोक्स ने कहा कि हमारी टीम के खिलाफ भी उसके स्पैल ने अंतर पैदा किया था। शमी ने पूरे विश्व कप में शानदार गेंदबाजी की है। स्टोक्स को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान इनहेलर का इस्तेमाल करते देखा गया था। उनसे इस बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में अभ्यास के समय मैं आम तौर पर इसका इस्तेमाल करता हूं लेकिन यहां ठंड नहीं है। भारत में कई बार ऐसा होता है कि किसी शहर में जाते हैं तो वहां की हवा थोड़ी अलग होती है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हमें ताजगी का एहसास हुआ था लेकिन इनहेलर के इस्तेमाल के बाद मुझे दौड़ने में आसानी हो रही थी।

## भारत को अगर सेपक टकरा में विश्व स्तर पर चमकना है तो एक नेशनल सेंटर का होना अनिवार्य- अयेकपाम देवी

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** 3 बार का चैंपियन भारत सुल्तान जोहोर कप जूनियर हॉकी खिताब का बचाव करने में नाकाम रहा और यहां सेमीफाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम जर्मनी से 6-3 से हार गया। जर्मनी के लिए क्रिश्चियन फांज (16वें मिनट), निकस बेरेन्ड्ट्स (29वें, 45वें), पीयर हेनरिक्स (43वें, 48वें) और स्पर्लिंग फ्लोरियन (49वें) ने गोल किए। भारत के लिए अमनदीप लाकड़ा (35वें), उत्तम



सिंह (58वें) और रोहित (60वें) ने गोल दागे। भारतीय टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत करते हुए जर्मनी के गोल पोस्ट पर हमला किया लेकिन विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज टीम ने जवाबी हमला किया। बेन हैशबैक के प्रयास पर भारतीय गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार बचाव किया। जर्मनी ने शुरुआती क्वार्टर में इसके बाद कुछ और मौके बनाए लेकिन मोहित ने अपनी सतर्कता दिखाते हुए कप्तान मातेओ पोलयारिक के प्रयास पर गोल नहीं होने दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआत में जर्मनी के खिलाड़ियों ने भारतीय रक्षापंक्ति को छकाते हुए गेंद फांज को दी जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारतीय खिलाड़ी इस क्वार्टर में गेंद में नियंत्रण करने के लिए जूझते दिखे तो वहीं मध्यांतर से पहले बेरेन्ड्ट्स पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के टिकट नहीं मिलने से Eden Garden के बाहर प्रदर्शन

**कोलकाता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच के टिकट नहीं मिलने से क्रिकेटप्रेमियों और बंगाल क्रिकेट संघ के आजीवन सदस्यों में काफी रोष व्याप्त है और उन्होंने फिर ईडन गार्डन के बाहर प्रदर्शन किया। इस विश्व कप में भारतीय टीम का एकमात्र मैच यहां 5 नवंबर को खेला जाना है। भारत का सेमीफाइनल मैच उसी दशा में कोलकाता में होगा अगर सामने पाकिस्तान हो जिसकी संभावना कम ही लग रही है। ऐसे में करीब 65000 की क्षमता वाले स्टेडियम में इस मैच के टिकटों को लेकर काफी मारामारी है।

मैच विराट कोहली के जन्मदिन के दिन ही होने से इसे लेकर काफी उत्सुकता बनी हुई है। टिकटों की मांग को लेकर ईडन गार्डन के बाहर करीब सौ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इनमें छात्र, महिलाएं, बच्चे और कैब के आजीवन सदस्य शामिल थे। कैब के आजीवन सदस्यों को ईडन गार्डन पर होने वाले मैचों के निशुल्क टिकट मिलते हैं लेकिन इस बार मांग अधिक होने से सभी को मिल नहीं सके। पिछले 2 दिन से टिकट की आस में लगातार कई घंटे स्टेडियम के बाहर खड़े रहने वाले छात्र विप्लव बनर्जी ने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि टिकट है ही नहीं। बुक माय शो पर भी नहीं मिल रहा।

## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के कराटे स्पर्धा में अदिति और आदर्श ने जीता स्वर्ण पदक

**वाराणसी।** वाराणसी स्थित सनबीम वरुणा में आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के कराटे स्पर्धा में कांनीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया गया था।

अकादमी के कोच अरविंद यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में अकादमी के 5 खिलाड़ियों ने स्पर्धा किया, जिनमें से चार ने पदक जीते। उन्होंने कहा, 'प्रतियोगिता में अदिति सोनकर और आदर्श सोनकर ने क्रमशः 18 महिला और पुरूष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, शिवेश शर्मा और धैर्य बरनवाल ने 14 से 17 बालक वर्ग के अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता।' उन्होंने कहा, 'वाराणसी में पहली बार इस



प्रकार की प्रतियोगिता हो रही है और यह कराटे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अन्य खेल प्रतियोगिता में आदर्श सोनकर ने रस्साकशी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और कबड्डी प्रतियोगिता में कांस्य पदक भी जीता।'बता दें कि इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये कोच और सभी खिलाड़ियों ने अपने सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वाराणसी जिला प्रशासन और वाराणसी कराटे सोसायटी को धन्यवाद दिया।

## हमें जो हम अवसर मिले हमने उनका लाभ उठाया : जोनाथन ट्रॉट

**लखनऊ।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने चल रहे विश्व कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद कहा कि उनकी टीम को जो भी मौके मिले, उसका लाभ उठाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यह उनकी तीसरी जीत है, जिससे उनकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं।

अफगानिस्तान की हालिया सफलता के बारे में पूछे जाने पर ट्रॉट ने कहा कि उन्होंने आत्मविश्वास और अवसरों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया।मैच के बाद कॉन्फ्रेंस में ट्रॉट ने कहा,मुझे यह कहने में बहुत झिझक हो रही है कि आप क्रिकेट के खेल के संबंध में कुछ भी क्रैक कर सकते हैं। जैसे ही आप सोचते हैं कि आपने इस गेम को क्रैक कर लिया है, यह आपको



पीछे धकेल देता है। लेकिन मुझे लगता है कि हमें हर चीज में आश्वस्त रहना चाहिए जो हम करते हैं, हमने जो कुछ भी किया है उसे हमें अपने साथ रखना चाहिए, लेकिन उन चीजों और क्षेत्रों का भी विश्लेषण करना चाहिए जिन पर हमें काम करने की आवश्यकता है। इसलिए नीदरलैंड के खिलाफ मैंने सोचा कि हमारी फील्डिंग अच्छी थी, हमने उसमें सुधार किया और हमें कुछ अच्छे रन आउट मिले, हमें जो हम अवसर मिले हमने उनका लाभ उठाया। और जब आप क्षेत्ररक्षण कर रहे हों तो आप यही कर सकते हैं। अभी भी चीजें हैं, कई अन्य छोटे क्षेत्रों पर काम करना है, शायद गेंदबाजी और बल्लेबाजी के साथ भी, लेकिन, आप जानते हैं, शिकायत नहीं कर सकते और मुझे चेंज रूम में मौजूद लड़कों पर बहुत गर्व है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अफगानिस्तान का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा और इस मैच के नतीजे से तय होगा कि वह सेमीफाइनल की दौड़ में है या नहीं।

## विश्व कप : इंग्लैंड पर मिली जीत के बाद बुमराह ने कहा-यह हमारे लिए एक अच्छी चुनौती थी

**भोपाल।** 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा अंतर्गत कैम्पेल ओपन ग्राउंड पणजी में वुशु, कुश्ती और एक्रेटिक और मिनि गोल्फ मीरमार बीच पणजी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत वुशु खेल में म.प्र. के महिला खिलाड़ियों कु. भूरक्षा दुबे ने जियांशु इवेन्ट में और कु. वंशिका नामदेव ने गुंशू इवेन्ट में सराहनीय खेल प्रदर्शन कर 01-01 स्वर्ण पदक आपने नाम किया। वही इसी प्रतियोगिता में म.प्र की वुशु खिलाड़ी कु. पूर्वी सोनी ने क्यांशू इवेन्ट में और सुभाष तोमर ने तायलू के दओषू इवेन्ट में 01-01 रजत और शुभम राज पटेल ने 1 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेष का मान बढ़ाया।

**म.प्र की एक्रेटिक खिलाड़ी पलक ने जीता 01 स्वर्ण पदक**

आज कम्पेल स्वीमिंग पूल पणजी में ही आयोजित एक्रेटिक प्रतियोगिता में म.प्र. की खिलाड़ी पलक षर्मा ने डायविंग इवेन्ट में तकनीकी खेल कौशल का षानदार प्रदर्षन कर 01 स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय खेल 2023 गोवा में एक्रेटिक खेल में कु. पलक षर्मा ने 02 स्वर्ण और 01 कांस्य सहित 03 पदक अर्जित कर चुकी है।

**म.प्र. मिनी गोल्फ में खिलाड़ियों ने जीते 04 पदक**

वहीं मीरमार बीच पर आयोजित मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में म.प्र. के मिनी गोल्फ खिलाड़ियों ने खेल निपुण्ता का प्रदर्शन




कर महिला डबल इवेन्ट में कु. मरिया सूद और कु. तनिष्का तोमर की जोड़ी ने बेहतर खेल का प्रदर्षन कर 01 स्वर्ण, मिक्स डबल (पुरूष) में श्री आदि मिश्रा और कु. श्रेया वर्फा की जोड़ी ने और महिला टीम इवेन्ट में कु. राजकुमारी कुमावत, कु. विनीता तिवारी, कु. रागिनी चौहान और कु. फातिमा करैषी के बेहतर समन्वय और खेल प्रदर्शन के साथ जीता 01-01 रजत तथा पुरूष टीम इवेन्ट में सिकंदर कुरिल, सुमित गोयल, बॉबी राजा और आयुष चौधरी ने 01 कांस्य सहित कुल 04 पदक अर्जित कर प्रदेश कौ गौरवान्वित किया।

**कुश्ती में लोकपाल गोहर ने जीता कांस्य पदक**

इसी मैदान पर कुष्ती खेल की प्रतियोगिता में आज म.प्र. के खिलाड़ी लोकपाल गोहर ने उत्तरप्रदेश के पहलवान मनोज कुमार को 65 किग्रा. भारवर्ग में 13-2 की करारी शिकस्त देकर 01 कांस्य पदक अर्जित किया।

**ताईक्वान्डो खेल में कांस्य पदक**

गोवा के पोण्डा मल्टीपरपस इन्डोर स्टेडियम में आयोजित ताइक्वान्डो खेल में म.प्र. की महिला खिलाड़ी कु. मधु सिंह ने 67 किग्रा. भारवर्ग क्योरगी स्पर्धा में खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन कर 01 कांस्य पदक अर्जित किया। इस अवसर पर रवि कुमार गुप्ता, संचालक खेल और युवा कल्याण म.प्र. ने खिलाड़ियों से भेंट कर दी शुभकामनाएं। .उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खेल -2023 का आयोजन 26 अक्टूबर से 09 नवम्बर 2023 .तक गोवा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 खेलों में 424 खिलाड़ियों के साथ प्रतिभागिता कर रहा है।

## अफगानिस्तान ने नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया, अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा

**लखनऊ।** कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (नाबाद 56 ) और रहमत शाह (52) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में विश्व कप के 34वें मैच में नीदरलैंड को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की दौड़ में खुद को बनाए रखा।

अफगानिस्तान के अब सात मैचों में 8 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के 7 मैचों में 6 अंक हैं। मैच में नीदरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवरों में 179 रनों पर सिमट गई, जवाब में अफगानिस्तान ने 31.3 ओवर में. 3 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और छठें ओवर में 27 के कुल स्कोर पर लोगन वान बीक ने रहमानुल्लाह गुरबाज को विकेटकीपर और कप्तान एडवर्ड्स के हाथों कैच कराकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। गुरबाज ने 11 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 10 रन बनाए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और रहमत शाह ने अफगानी पारी को 50 के पार पहुंचाया। 11वें ओवर में 55 के



कुल स्कोर पर वेन डेर मर्वे ने जादरान को बोल्ड कर अफगानिस्तान को दूसरा झटका दिया। जादरान ने 34 गेंदों में 2 चौकों की बदौलत 20 रन बनाए।

इसके बाद रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी ने संभलकर खेलते हुए अपनी टीम को 100 रनों के पार पहुंचाया। अफगानिस्तान ने 84 मिनट और 112 गेंदों पर अपने 100 रन पूरे किये। इस दौरान रहमत शाह ने 47 गेंदों पर 8 चौकों की बदौलत अपना अर्धशतक पूरा किया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 77 गेंदों पर 74 रनों की साझेदारी की।

इस साझेदारी को 23वें ओवर में सादिक जुल्फिकार ने रहमत शाह को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर तोड़ा। रहमत ने 54 गेंदों पर 8 चौकों की बदौलत 52 रन बनाए। तीसरा विकेट 129 रन के कुल स्कोर पर गिरा। हालांकि इस विकेट के बाद अजमतुल्लाह उमरजई और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने संभलकर खेलते हुए अफगानिस्तान को 7 विकेट से जीत दिला दी। उमरजई 31 और शाहिदी 56 बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड की ओर से वेन डेर मर्वे, सादिक जुल्फिकार और वेन बीक ने1-1 विकेट लिया। इससे पहले स्पिनरों की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद शानदार फील्डिंग की बदौलत अफगानिस्तान ने नीदरलैंड को 46.3 ओवर में केवल 179 रनों पर समेट दिया। नीदरलैंड की तरफ से साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 58 रन बनाए। उनके अलावा मैक्स ओडाउड ने 42 ओर कॉलिन एकरमेन ने 29 रन बनाए। इस मैच में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। नीदरलैंड की शुरुआत खराब रही और वेस्ली बारेसी पहले ही ओवर में चलते बने।

## 37वें राष्ट्रीय खेलः हरियाणा ने एथलीट, शूटिंग और कुश्ती में जीते गोल्ड

**चंडीगढ़।** गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी लगातार इतिहास रच रहे हैं। शूटिंग के पहले ही दिन जहां हरियाणा ने स्वर्ण और रजत पदक जीते, वहीं एथलीट और कुश्ती में भी खिलाड़ियों ने प्रदेश को अनेक पदक दिलाए। गतका टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार राष्ट्रीय खेलों में 2 कांस्य पदक प्रदेश की झोली में डाला। शूटिंग के पहले दिन हुए मुकाबले में सागर भार्गव ने प्रदेश के लिए स्वर्ण जीता, जबकि ओलंपिक का कोटा प्राप्त कर चुके सरबजोत सिंह ने रजत पदक हासिल किया।

हरियाणा की गतका टीम के खिलाड़ी जसविंदर सिंह ने कांस्य जीत कर इतिहास रचा, जबकि सुनिधि चौहान पहले ही कांस्य जीत चुकी थी। हरियाणा सेपक टाकरा महिला टीम ने प्रदेश की झोली में रजत डाला।

हरियाणा की हॉकी की महिला टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुए उड़ीसा को 7-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। हरियाणा तीरंदाजी की तीनों




टीमें फाइनल में पहुंच गई है। लड़कियों का मुकाबला 4 नवंबर को, मिक्स मुकाबला 5 नवंबर और लड़कों की टीम 6 नवंबर को स्वर्ण के लिए खेलेगी। राष्ट्रीय खेलों के कुश्ती के मुकाबले में 97 किलोग्राम भार वर्ग में नितेश ने स्वर्ण, 77 किलोग्राम भार वर्ग में विकास ने और 68 किलोग्राम भार वर्ग में आरजू ने भी स्वर्णिम सफलता हासिल की, जबकि 125 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित मलिक ने प्रदेश को रजत पदक दिलाया। इनके अलावा 97 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित बूरा ने, 86 किलोग्राम भार वर्ग में राकेश ने, 76 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पूनिया ने, 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वाति बेरवाल ने, 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वीटी ने प्रदेश के लिए कांस्य जीते।

**एथलीट में भी हरियाणा ने जीते कई पदक**

जैवलिन थ्रो में शिल्पा रानी ने स्वर्ण मेडल व प्रियंका सिंह ने रजत, शॉट पुट में मनप्रीत, 400 मीटर की रेस में विक्रम पंचाल, हैमर थ्रो में अजय, व हेमथोलोन में तनु ने प्रदेश को रजत दिलाया। 20 किलोमीटर की पैदल चाल में हरदीप ने और 800 मीटर की रेस में पूजा ने कांस्य जीता।

## पाकिस्तान टीम का विश्व कप में खराब प्रदर्शन, लेकिन पीसीबी प्रमुख को मिलेगा प्रमोशन

**कराची।** पाकिस्तान की टीम के विश्व कप में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचनाओं से घिरे पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) प्रमुख जका अशरफ को प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार से सेवा विस्तार मिल सकता है। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री काकर ने गुरुवार को पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी के साथ बैठक की और इस ऑलराउंडर को जका के नेतृत्व वाले पीसीबी के साथ काम करने को कहा। एक सूत्र ने कहा, 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री चाहते हैं कि अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट में



अपना योगदान दें और वर्तमान प्रबंधन के साथ काम करें लेकिन इस ऑलराउंडर ने मौजूदा प्रबंध समिति के साथ काम करने को लेकर अपनी कुछ आपत्तियां भी दर्ज की।' एक अन्य जानकार सूत्र ने कहा कि ज़का विस्तार पाने के लिए अपने राजनीतिक और व्यावसायिक संबंधों का उपयोग कर रहे थे और उन्हें प्रधानमंत्री से संदेश मिला है कि उन्हें अधिक समय दिया जाएगा क्योंकि पाकिस्तानी टीम को लेकर सभी फैसले उनके पूर्ववर्ती नजम सेठी ने लिए थे। जका ने जुलाई में सेठी की जगह कार्यभार संभाला था।

# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर इलेवन एवं स्वीप इलेवन के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस क?ी में मतदाता जागरूकता को लेकर रविवार को प्रातः 8 बजे से धवारी स्टेडियम में कलेक्टर इलेवन एवं स्वीप इलेवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। स्वीप इलेवन की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित ओवरों में स्वीप इलेवन टीम ने कुल 148 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए द्वितीय पारी में कलेक्टर इलेवन की टीम मैदान पर उतरी। रोचक मुकाबले के बाद कलेक्टर इलेवन की टीम ने महज 10 ओवर में ही मैच जीत लिया। टीम के कप्तान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने 20 रन बनाए और स्वीप इलेवन टीम के कप्तान सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। इस प्रकार कलेक्टर इलेवन की टीम ने



विजेता बनकर विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। क्रिकेट मैच की रोचक कमेन्ट्री मनोज मिश्रा और डॉ. गौरव शर्मा द्वारा की गई। इस मौके पर स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, नगर निगम के उपायुक्त भूपेन्द्र देव परमार, एलडीएम इण्डियन बैंक गौतम शर्मा, प्रभारी जिला खेल अधिकारी एसपी तिवारी, सहायक परियोजना अधिकारी अवधेश सिंह, सीईओ जनपद पंचायत प्रीतपाल सिंह भी उपस्थित थे।

# घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा आमंत्रित

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना /जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉ. क्रान्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में 50 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले गाँव अकौना में कैम्पस एम्बेसडर और एनएसएस स्वयं सेवको के द्वारा डोर टू डोर घरों में जाकर हल्दी-चावल के माध्यम से 17 नवम्बर को मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही गाँव में नुक्कड़ नाटक, रैली एवं दीवार लेखन के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक किया गया। इस मौके पर कैम्पस एम्बेसडर अतुल पाण्डेय, अनुराग तिवारी, नेहा पाण्डेय, हेमन्त तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अतुल, प्रिंस कुशवाहा, पूनम अग्निहोत्री, प्रिया पाण्डेय, ऊषा बसोर उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा के निर्देशन में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिले में जारी मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों के तहत माधवम् ईप्सा फाउंडेशन द्वारा बिरसिंहपुर वि.खं. मझगँवा में चल रहे क्रिकेट मैच में युवा मतदाताओ को 1950, की जानकारी दी गई। इस मौके पर मतदाता जागरुकता संवाद का भी आयोजन किया गया।

# विकसित लहार के लिए आप भाजपा के पक्ष में मतदान करेंः अमरीश शर्मा

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** लहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अमरीश शर्मा गुड्डू ने रविवार को जगदीशपुर, पन्नापुरा, रिनिया, रायपुर, ज्ञानपुर, बार्थरा, दवोह में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी जो अब तक काफी समय से इस क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने लहार क्षेत्र के विकास के लिए कभी कोई कार्य नहीं किया, न तो उन्हें लहार के विकास से मतलब है, न उनकी कांग्रेस को प्रदेश के विकास से। वह तो केवल लहार की जनता को भ्रमित करने का कार्य करते हैं, इसलिए विकसित लहार के लिए आप भाजपा के पक्ष में मतदान करें।




# सामान्य प्रेक्षक ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्र का भ्रमण

पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना




सतना। भारत निर्वाचन द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक गणों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने की गई आवश्यक व्यवस्थाओं को जायजा लिया। सामान्य प्रेक्षक श्री राम केवल रविवार को नागौद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने नागौद विधानसभा क्षेत्र के कचलोहा, चन्दकुईया के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर ग्रामीण मतदाताओं से चर्चा भी की। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र-66 अमरपाटन और 67 रामपुर बघेलान के सामान्य प्रेक्षक रोहित जामवाल और मैहर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अंजना एम ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थायें देखी। चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केन्द्र चिल्ला, बरौंधा का भी निरीक्षण किया। और शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

# आज मौ नगर में भारतीय जनता पार्टी गोहद प्रत्याशी लाल सिंह आर्य के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हेलीकॉप्टर से जनसभा को संबोधित करने पहुंचे

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

मौ नगर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी आज शाम 5-30 बजे हेलीकॉप्टर से मौ नगर में पहुंचे उन्होंने गोहद विधानसभा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य जी के समर्थन में भव्य जनसभा को



संबोधित किया केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला केंद्रीय मंत्री ने कहा की गोहद के विकास के लिए आपको लाल सिंह बनकर कार्य करना होगा और मध्य प्रदेश में कमल खिलाना होगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश में ऐसी कई योजना चलाई जा रही हैं जिससे हर वर्ग के व्यक्ति को कहीं ना कहीं फायदा मिल रहा है जैसे संबल योजना, लाडली बहन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि इन सब योजनाओं का फायदा इसी तरह सभी को मिलता रहे तो




मध्य प्रदेश में आप भाजपा की सरकार बनाने का कार्य करें गोहद विधानसभा प्रत्याशी लाल सिंह आर्य ने कहा कि हमने पूरी गोहद विधानसभा में रोड़ों के जाल बिछाया है, मौ के लोगों ने कॉलेज मांगा तो कॉलेज दिया, मौ में तहसील नहीं थी गोहद जाना पड़ता था आपने तहसील मांगी तो मौ नगर में तहसील देदी जनता के बीच लाल सिंह आर्य ने तीन चीज की गारंटी ली मान ,सम्मान ,सुरक्षा की मगर आपको भी यह गारंटी लाल सिंह आर्य को देनी होगी की गोहद में लाल सिंह बनकर गोहद को प्रचंड बहुमत से जीतने का कार्य करोगे इस बीच मंच पर उपस्थित पूर्व विधायक रणवीर जाटव जी, जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया जी मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी और कई भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे तथा मंच का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव जी ने किया।



# सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर मुझे किया जा रहा है बदनामः भटेले

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। सोशल मीडिया के फेसबुक पर नीरज तोमर रायकीपाली की आईडी से पोस्ट डाली गई है जिसमे 29 लोगो के नाम की सूची है जिसमे बृजकिशोर भटेले का नाम भी शामिल है जिसमे लिखा है कि मेरे ऊपर लालसिंह आर्य के दबाब मे डकैती का प्रकरण दर्ज किया गया जबकि मेरी 75 वर्ष की अवस्था में पहले कभी किसी भी थाना मे डकेती का प्रकरण दर्ज नहीं है में सीधा साधा किसान हूँ यह कृत्य मेरे व लालसिंह आर्य के बीच सम्बध खराब करने के लिये किया गया है तथा लाल सिंह आर्य वर्तमान मे गोहद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी है इनकी छवि लोकप्रियता से बोखलाकर यह निन्दनीय कृत्य किया गया हैं जिससे मेरी छवि धूमिल हो रही है एवं प्रत्याशी की छवि भी धूमिल हो रही है यह कृत्य जिसने भी किया है वह सरासर गलत है

**इनका कहना है-**फेसबुक पोस्ट पर एक लिस्ट डाली गई है जिसमें मेरे ऊपर लाल सिंह द्वारा डकैती का मामला दर्ज कराने की बात कही गई है वह सरासर गलत है मेरे साथ ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है मेरे खिलाफ डकैती की कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है- **ब्रजकिशोर भटेले पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोहद**

# शिशु मंदिर मुंगावली के भैया बहिनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली ......

**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय** मध्य प्रदेश में इस समय सभी जगह चुनाव का माहौल बना हुआ है इसी तारतम्य में नगर के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने नगर के विभिन्न मार्गों में आज मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली निकाली रैली का प्रारम्भ विद्यालय प्रांगण से किया गया रैली में पहले भैया बहिनों को मतदान हमारा अधिकार है और हमे इसका




उपयोग जरूर करना चाहिए इस बारे में विद्यालय के आचार्यों के द्वारा जानकारी दी गयी इसके बाद रैली चन्देरी रोड , अस्साल रोड , बस स्टेंड , डाक घर चौराहे होते हुए पुराने थाने के पास, ओर नगर परिषद होते हुए वापस विद्यालय आ गई रैली में भैया बहिन नारे लगा रहे थे कि मतदान अवश्य करें , मतदान हमारा अधिकार है , 17 नवम्बर को पहले मतदान करें फिर जलपान आदि नारे लगाते हुए विद्यालय के भैया बहिनो ने नागरिको मे एक सन्देश दिया।

# सहजयोग द्वारा समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव है

"सहजयोग एक ध्यान की क्रिया है जिसे प.पू माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 से आरम्भ किया गया, जो की आज विश्व के लगभग 120 देशो में प्रचलित है, सहजयोग से कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति की जा सकती है, व जैसे ही कुण्डलिनी का जागरण होता है वैसे ही मानव अपने अंदर परम शांति को अनुभव करता है, उसके विचार शून्य हो जाते है,एवं नियमित ध्यान करने से वह धीरे-धीरे अपने अंदर व्याप्त अनेक बीमारियों एवं विकारों से भी निजात पाता है। देश एवं विदेशों के अनेक वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान पर शोध किया है, एवं इस ध्यान के माध्यम से परम शान्ति व अनेक बीमारियों एवं विकारों से मुक्ति की पुष्टि की है, इसे हर आयु, धर्म एवं वर्ग के लोग महसूस कर सकते है। आज के इस प्रतियोगी दौर में अत्यधिक तनाव में रहने वाले युवा एवं विद्यार्थी सहजयोग के माध्यम से तनाव दूर कर सुख एवं आनंदमय जीवन व्यापन कर रहे है। सहजयोग का किसी भी विशेष जाति वर्ण एवं धर्म से मतलब नहीं है इसे सभी मानव अनुभव कर सकते हैं। सहज योग को अभिनव अविष्कार कहा जा सकता है क्योंकि यह सामूहिकता में मानवता के उत्थान को करता है इससे पूर्व व्यक्ति अपना व्यक्तिगत उत्थान ही कर पाता था एक समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव हुआ जब सहज योग में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की घटना घटित हुई। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास करने वाला व्यक्ति स्वयं अपनी अनुभूति से अन्य व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार दे सकें यह भी संभव हुआ। इसका लाभ यह हुआ कि जिस तरह एक साथ बैठकर पूजा की जा सकती है उसी प्रकार एक साथ बैठकर ध्यान भी किया जा सकता है तो घर के सभी सदस्य एक साथ बैठकर अगर ध्यान करते हैं तो समस्त घर का मंगल होता है और नकारात्मकता हटकर पावन सकारात्मकता सभी परिवार के सदस्यों के भीतर एक साथ प्रवेश करती है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# गीता-पुराण में, मोहम्मद साहब ने कुरान में, सबने यही नियम कानून बनाया कि जीवों पर दया करो, रहम करो, सत्य बोलो

महात्माओं के लिखे धार्मिक ग्रंथों पुस्तकों को उनके पास जाकर समझो और करो पालन, यदि आप सोचो कि साधन सुविधा होने का बाद काम करेंगे तो समय निकल जाएगाउज्जैन (मध्य प्रदेश) इस वड़ूत के पूरे कामिल ड़ड़ीर, मुर्शिद ए कामिल, रूह को निजात मुक्ति मोक्ष दिलाने वाले, बेइंतहा रूहानी दौलत के मालिक, खुदा का पैगाम सबको सुनाने वाले, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 29 अक्टूबर 2023 प्रातः उज्जैन (मध्य प्रदेश) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि गुरु पर भरोसा विश्वास करना चाहिए। हमको तो है। जरूरत पड़ेगा तो सब हो जाएगा। जैसे-जैसे जरूरत पड़ेगी, सब होता चला जाएगा। अब आप यह सोचो कि साधन-सुविधा हो जाए तो हम काम करें, तब तो समय निकल जाएगा। अभी काम करने का समय है। लोगों को जगाने, बताने, समझने का समय है। क्योंकि यह कलयुग है। कलयुग अपने प्रभाव असर में आ रहा है। कलयुग की परिभाषा क्या हैड़ दीमक चढ़ जाय ग्रंथों को, ब्राह्मण परतियां तोड़े। बधिक हो जाए क्षत्रियगण, शूद्र सेवा से मुख मोड़ें। सूखे नदिया, धंसे पर्वत, विजय तब हमारी हो।

यह धार्मिक ग्रंथ, महात्माओं की वाणियां, किताबें किस लिए बनाई गई-ताकि इसको लोग पढ़ें और इसके अर्थ को समझे। न समझ में आवे तो इनको लिखने वाले (उस स्तर के) महात्माओं के पास जाएं। महात्मा उनको समझाएंगे। जब समझ में आ जाए तो जो चीजें उसमें लिखी हुई है, उसका पालन, अनुकरण



किया जाए।जीवों पर दया करोगे तभी सच्चिदानंद मिलेगा-नियम कानून, जैसे परिवार, समाज, देश का है, ऐसे ही वेद, गीता, पुराणों, धार्मिक ग्रंथों सब में है। जब हजरत मोहम्मद साहब ने इस्लाम धर्म को चलाया तो कुरान शरीफ बनाया। उसमें भी नियम कानून है। लेकिन जितने भी जानकार आए, जितने भी धर्मों का प्रचार विस्तार हुआ, सब लोगों ने एक ही तरह की बात बताई है कि जीवों पर दया, रहम करो, सत्य बोलो, असत्य मत बोलो। जब सत्य बोलोगे तभी सच्चीदानंद मिलेगा, नहीं तो उनसे दूर हो जाओगे। जब दया करोगे तो- दया धर्म तन बसे शरीरा, ताकर रक्षा करें रघुवीरा। दया धर्म को अपनाओ तब रघुवीर प्रभु रक्षा करेंगे, प्रभु मिलेंगे। दया करो भगवान मिलेंगे, रहम करो रहमान मिलेंगे।

जानवरों के मांस को खाने की वजह से बुराइयां मनुष्य करने लग गया-भगवान की खोज तो लोग करते हैं। भगवान से मिलना भी चाहते हैं। चाहे परमार्थ या चाहे स्वार्थ के लिए, इच्छा तो करते हैं कि भगवान मिल जाए। नहीं कुछ है तो यही कहेंगे कि भगवान मिल जाएंगे तो रोटी-रोजी तो दे देंगे, पुत्र दे देंगे, परिवार में बढ़ोतरी कर देंगे, रोग ठीक कर देंगे- भगवान इसलिए मिल जाए। कोई यह सोचता है कि इस दुनिया को भगवान ने बनाया है तो दुनिया बनाने वाला ही अगर मिल जाएगा तो हमारे काम आसान हो जायेंगे, रोटी-रोजी में बरकत मिल जाएगी, आपस में प्रेम, परिवार पैदा हो जाएगा। चाहे इसी (स्वार्थ के) लिए भगवान को लोग चाहते, खोजते हों लेकिन वो इसलिए नही मिलते क्योंकि जिससे उनको पुकार लगाते हैं, वही चीज़ गंदी है। मुंह, अंतरात्मा से आवाज लगते हैं, अंदर में भगवान खुदा को याद भी करते हैं, लेकिन हुजरा, बैठने का सिंहासन ही गंदा है। जीव हत्या किया, मांस खाया, उससे बने खून का असर रोम-रोम में है। खून, मांस के असर से रोवें (शरीर, अंग) बनते बढ़ते हैं। तो जानवरों के खून का असर आया। जानवरों की बुद्धि सही नहीं होती। कुछ भी काम कर बैठते हैं। ऐसे ही मनुष्य भी हर तरह की बुराइयों को करने लग गया। पशुओं से भी ज्यादा खराब कर्म आदमी करने लगा।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कर मांगा जनसमर्थन

## आपके सहयोग और आशीर्वाद से ही क्षेत्र का विकास होगा-प्रद्युम्न सिंह तोमर



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । ग्वालियर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को वार्ड क्रमांक 32 के फूलबाग स्थित मारकण्डेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि ग्वालियर में और अधिक विकास करने और औद्योगिक नगरी के रुप में ग्वालियर की पहचान वापस दिलाने के लिए मुझे आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद चाहिए। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह भाजपा के ला?ले प्रत्याशी और जन सेवक का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नितिन कुशवाह के निवास होते हुए बाल्मीकि बस्ती, रेल्वे पटरी, महलगांव प्रवेश, गौतम जी के मकान से होते हुए श्री महेन्द्र विसोरिया वाली गली से वापस होकर श्री तुलसीराम नरवरिया के मकान से होते हुए न्यू खे?ापति पार्क से श्री राकेश नरवरिया के निवास से बलदेव अपार्टमेन्ट, प्राथमिक विद्यालय वाली रोड, सांई बाबा मंदिर के पीछे वाली रोड से विकास नगर, डाक्टर पुनीत रस्तोगी के सामने सांई अपार्टमेन्ट, रणदीप जी की दुकान से हैप्पी शाक्य वाली रोड होकर महावीर पंकज अपार्टमेन्ट होते हुए प्रेम नगर, श्री संजय शर्मा के निवास पर से कुशवाह मोहल्ला काली माता मंदिर से द्वारिकापुरी डी ब्लाक और द्वारिकापुरी सी ब्लाक, बाथम मोहल्ला, मिश्रीलाल कुशवाह के निवास होते हुए ज्ञानी इन्क्लेव, रामनिवास साहू के निवास से अतिथि इन होटल राजेन्द्र शर्मा की गली होकर बिदुआ जी के निवास से निशांत त्रिवेदी के निवास होकर चन्द्र नगर, मंगल नर्सिंग होम से शलभ गुप्ता के निवास पर समापन किया। इस अवसर पर श्री वेदप्रकाश शर्मा, श्री अशोक शर्मा, भाजपा रानी लक्ष्मीबाई मंडल के अध्यक्ष श्री मनमोहन पाठक, श्री उदय अग्रवाल, श्री राजेन्द्र जैन एडवोकेट, पार्षद श्री सोनू त्रिपाठी, श्री हरीबाबू शिवहरे, पूर्व पार्षद श्रभ् प्रदीप रत्नाकर, श्री यशवंत कौरव, श्री प्रशांत मिश्रा, श्री भगत सिंह कन्नोजिया, श्री विजय भवानी उपस्थित रहे।



## ग्वालियर पूर्व विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में करें मतदान: श्रीमती माया सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** । ग्वालियर पूर्व की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती माया सिंह जी ने रविवार को अपना जनसंपर्क वार्ड क्रमांक-19 के यूनिपेच फैक्ट्री से प्रारंभ कर गार्डन होम्स फेस-3 अलकापुरी, मॉडल टाउन, विक्की फैक्ट्री, महलगांव, गोवर्धन कॉलोनी, आदित्यपुरम, आदित्यपुरम फेस-2, महाराजपुरा थाने के पास, कल्ली चौहान, बजरिया मुरार में संपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय जनता से कहा कि प्रदेश सरकार व केंद्र की मोदी



सरकार द्वारा लगातार हमारी बहनों और माताओं को मजबूत करने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, वह बेहद सराहनीय है इसके लिए मैं प्रदेश व भारत सरकार का ह्दय से स्वागत करती हूं। बहनों की लडाई मैं अपने जी3.वन की अंतिम सांस तक लड़ती रहूंगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर पूर्व के सर्वांगीण विकास के लिए आप भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, श्री जबर सिंह, श्री माधवेंद्र सिंह, श्री राकेश व्यास, श्रीमती साधना राघव, श्री गोविंद सिंह, श्री विक्रम सिंह चौहान, श्री राजू पथरौल, श्री प्रमोद सिंह गुर्जर, रेशू राजावत, श्री रामनिवास सिंह, श्री राजू शर्मा, श्री अटल भदौरिया, श्री राजेंद्र गुप्ता, रेखा त्रिपाठी, श्री रामनरेश पाराशर, श्री कुलदीप चतुर्वेदी सहित सैकढ़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवक की बेरहमी से हत्या, कान कटा मिला, पास में मिला पूजा का सामान

**ग्वालियर,** । ग्वालियर के बहोड़ापुर इलाके में एक युवक की बेरहमी ही में पूजा का सामान रखा हुआ है। आशंका है- तंत्र मंत्र में उसकी बली दी गई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है। उसकी पहचान भी हो गई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या, कान कटा मिला, पास में मिला पूजा का सामानबहोड़ापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागरताल रोड पर तहसील भवन के पास झाड़ियों में रविवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। यहां से गुजर रहे लोगों को जब लाश पड़ी मिली तो इसकी सूचना इन लोगों ने पुलिस को दी। सीएसपी ग्वालियर सर्किल शुभा श्रीवास्तव, बहोड़ापुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर फोर्स के साथ यहां पहुंचे। करीब एक घंटे बाद मृतक की पहचान हो सकी। मृतक की पहचान लालाराम उर्फ कल्लू वाल्मीक निवासी राय कालोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने जब आसपास पड़ताल की मृतक का कान कटा हुआ था। शरीर पर अन्य जगह भी कट के निशान लगे हुए हैं। खून से शरीर लथपथ है। लाश के पास दिए, सिंदूर और पूजा का सामान रखा हुआ है। इससे आशंका है- तंत्र-मंत्र में उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।




## ग्वालियर कार्निवाल का प्लान, आर्टिस्ट को मिलेगा बालीवुड में मौका

**ग्वालियर.** । यनेस्को से सिटी आफ म्यजिक का खिताब मिलने के बाद अब शहर के सामने कलाकारों को मौका देने से लेकर इस खिताब को सही साबित करने की चुनौती है। हालांकि संगीत से जुड़े शहर का इतिहास और वर्तमान बहुत समृद्ध है, लेकिन अब इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है, इसको देखते हुए अब जिला प्रशासन, नगर निगम, स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के स्थानीय अधिकारियों सहित कलाकारों ने पहल की है। सारे कलाकारों को एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया है और अब ग्वालियर कार्निवाल के आयोजन का प्लान बनाया जा रहा है। इसके अलावा शहर से निकलकर बालीवुड में स्थापित हुए कुछ कलाकारों ने शहर के नवोदित कलाकारों को मौका दिलाने का भी आश्वासन दिया है।सिटी आफ म्यूजिक का टाइटल मिलने के बाद अब शहर में लगातार संगीत व कला से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। वर्षभर होने वाले इन आयोजनों के लिए एक वार्षिक कैलेंडर बनाने की भी तैयारी की जा रही है। जिस प्रकार दिसंबर माह में तानसेन समारोह का आयोजन किया जाता है, ठीक उसी तरह वर्षभर के आयोजनों के दिन भी तय कर लिए जाएंगे, इसमें सात से 10 दिन के ग्वालियर कार्निवाल भी प्लान किए जाने की संभावना है, जिस दौरान देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों से पर्यटक शहर में आकर एंजाय कर सकें। इसके लिए कलाकारों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए हैं कि किस तरह से शहर में पर्यटन के साथ ही संगीत की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाए। इसके लिए जल्द ही एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा,



## डेंगू की जांच नेगेटिव, प्लेटलेट्स 25 हजार तक गिर रहीं

**ग्वालियर (नप्र)।** डेंगू नेचर बदलकर अटैक कर रहा है, जिससे वह जांच को भी गच्चा दे रहा है। ऐसे में डेंगू निगेटिव आने के बाद भी मरीज की तेजी से प्लेटलेट्स गिर रही है। इन दिनों अस्पतालों में ऐसे कई केस आ रहे हैं जिनमें डेंगू रिपोर्ट निगेटिव है, लेकिन प्लेटलेट काउंट 25 हजार के नीचे मिल रहा है। डेंगू के बदले नेचर को लेकर डाक्टर भी गफलत में है। ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने की वजह से डाक्टर अब इनका ट्रीटमेंट डेंगू लाइक इनलेस मानकर कर रहे हैं। मरीजों का इलाज डेंगू की गाइडलाइन से ही किया जा रहा है। बिना डेंगू के गिर रहे प्लेटलेट्स की वजह वायरल फीवर को भी माना जा रहा है, लेकिन डाक्टर का कहना है कि वायरल फीवर में प्लेटलेट्स गिरते है पर ज्यादा नहीं, इसलिए खतरे की बात नहीं रहती। लगातार प्लेटलेट्स गिरने पर मरीज का इलाज डेंगू संदिग्ध मानकर ही किया जाता है। कुछ मामलों में दूसरी जांच में भी निगेटिव ही रिपोर्ट आ रही है, इससे मरीजों के ट्रीटमेंट को लेकर परेशानी हो रही है। डेंगू के मामलों में इजाफा हो रहा है। इस बुखार की चपेट में बुजुर्गों से लेकर बच्चे आ रहे हैं, अब तक जिले में डेंगू पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 766 हो गई है।अगर डेंगू की रिपोर्ट निगेटिव है







## किस मुंह से विकास की भाजपा बात करती है, भाजपा सरकार ने 17 करोड़ रूपये जो विकास कार्यों के लिये दिये गये थे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*ग्वालियर। किस मुंह से विकास की भाजपा बात करती है। ग्वालियर पूर्व विधानसभा का उप चुनाव हारने के बाद भाजपा सरकार ने 17 करो? रूपये जो विकास कार्यों के लिये दिये गये थे, वह राशि वापस ले ली और अब विकास की बात कर रहे हैं। विकास तो सिर्फ कॉग्रेस करती है, भाजपा नहीं। यह विचार ग्वालियर पूर्व से कॉगेस प्रत्याशी एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनसंपर्क के दौरान आमजनों से चर्चा के दौरान कहीं। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास व प्रगति के कार्य कॉग्रेस पार्टी ने करवायें हैं। भाजपा विकास विरोधी है। भाजपा ने हमेशा विकास कार्यों का विरोध किया है। जब हमने महापुरूषों के नाम पर मुरार में द्वार बनवाने शुरू किये तो भाजपा ने रूकवा दिये। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि व्यापारियों पर जी.एस.टी टैक्स के नाम पर भाजपा ने लूट मचा रखी है। मध्यम व गरीब व्यापारी, मजदूर, किसान आदि सर्वहारा वर्ग जी.एस.टी लगाने से परेशान है। महंगाई, बैरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा ने मुंह बंद कर रखा है। कॉग्रेस पार्टी समाज के अंतिम छोर की व्यक्ति की सेवा और विकास की बात करती है। जनता की बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिये कॉग्रेस के कार्यकर्ता ही सड़कों पर संघर्ष करते है। अब जनता ने पूरी तरह कॉग्रेस पार्टी को जिताने का संकल्प ले लिया है, तो भाजपा में घबराहट है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि भाजपा नेता मंचो पर नाटक-नोटंकी करते हैं। ऐसे नेताओं को फिल्मों में काम ढूढ लेना चाहिए। यह जनता की सेवा नहीं करते हैं। चुनाव में आते हैं और चले जाते हैं। मतदाताओं का आर्शीवाद कॉगेस के साथ है। और प्रदेश में कॉग्रेस की सरकार प्रचण्ड बहुमत से बन रही है। विधायक डॉ. सिकरवार ने आज 16 ग्वालियर पूर्व के वार्ड क्रमांक 59 में शिवपुरी लिंक रोड लिंक हॉस्पीटल से जनसंपर्क प्रारम्भ कर महादजी नगर, मधुवन कॉलोनी, केदारपुर एवं वार्ड क्रमांक 26 में अल्पना टॉकीज से प्रारम्भ होकर वाल्मीक बस्ती, खटीक मौहल्ला, रिसाला बाजार, तिकोनिया गली नं.1, गली नं.2, गली नं.3, गली नं.4, गली नं.5, भोला चौक एवं आस-पास की संपूर्ण गलियों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर पहुॅचकर सघन जनसंपर्क किया। इसी क्रम में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 18 के संपूर्ण डी-सेक्टर में, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू', सत्यप्रकाश सिंह सिकरवार, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार 'गांधी' एवं आदित्य सिकरवार ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कई वार्डों में जनसंपर्क किया।*

## बघेल समाज के तीन सौ लोग कांग्रेस में शामिल

*ग्वालियर । पाल, बघेल समाज के तीन सौ पुरुष व महिला कार्यकर्ता आज युवा नेता बलबीर सिंह बघेल के नेतृत्व में ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर विधायक डा.सतीश सिकरवार की कार्यशैली से प्रभावित होकर विधायक के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ओर भरोसा दिलाया की कांग्रेस की शानदार जीत के लिए प्रण ,प्राण से जुटेंगे ।इस मौके पर विधायक डा.सिकरवार ने सभी का पुष्पहारों ओर साफा बांध कर स्वागत किया।*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478